


आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच




वर्ष : 26 अंक : 356 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, मंगलवार, 17 दिसंबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# लोकसभा में पेश हुआ 'एक देश, एक चुनाव' विधेयक

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** 'एक देश, एक चुनाव' विधेयक को आज लोकसभा में पेश कर दिया गया। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने विधेयक को सदन के पटल पर रखा। सदन में चर्चा के दौरान कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस जैसे बड़े विपक्षी दलों ने इस विधेयक का विरोध किया। इससे पहले केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बीते गुरुवार को 'एक देश, एक चुनाव' विधेयक को मंजूरी दे दी थी। खबर लिखे जाने तक लोकसभा में विधेयक पर बहस चल रही थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले 2019 में 73वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर एक देश एक चुनाव के अपने विचार को आगे बढ़ाया था। उन्होंने कहा था कि देश के एकीकरण की प्रक्रिया हमेशा चलती रहनी चाहिए। 2024 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भी प्रधानमंत्री ने इस पर विचार रखा था।



इस प्रस्ताव का उद्देश्य पूरे देश में लोकसभा और विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराना है। फिलहाल लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव अलग-अलग होते हैं, या तो पांच साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद या जब सरकार किसी कारण से भंग हो जाती है। इसकी व्यवस्था भारतीय संविधान में की गई है। अलग-अलग राज्यों की विधानसभा का कार्यकाल अलग-अलग समय पर पूरा होता है, उसी के हिसाब से उस राज्य में विधानसभा चुनाव होते हैं। हालांकि, कुछ राज्य ऐसे भी हैं जहां विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ होते हैं। इनमें अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम जैसे राज्य शामिल हैं। वहीं, राजस्थान, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और मिजोरम जैसे राज्यों के चुनाव लोकसभा चुनाव से ऐन पहले हुए तो लोकसभा चुनाव खत्म होने के छह महीने के भीतर हरियाणा, जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र और झारखंड में चुनाव हुए।

दरअसल, एक देश एक चुनाव की बहस 2018 में विधि आयोग के एक मसौदा रिपोर्ट के बाद शुरू हुई थी। उस रिपोर्ट में आर्थिक वजहों को गिनाया गया था। आयोग का कहना था कि 2014 में लोकसभा चुनावों का खर्च और उसके बाद हुए विधानसभा चुनावों का खर्च लगभग समान रहा है। वहीं, साथ-साथ चुनाव होने पर यह खर्च 50-50 के अनुपात में बंट जाएगा।

सरकार को सौंपी अपनी ड्राफ्ट रिपोर्ट में विधि आयोग ने कहा था कि साल 1967 के बाद एक साथ चुनाव कराने की प्रक्रिया बाधित हो गई। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# यमुना एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा 4 की मौत, एक की हालत नाजुक





**नोएडा ( चेतना मंच )।** सोमवार सुबह यमुना एक्सप्रेसवे पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। जिसकी चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति के गंभीर रूप से घायल होने की खबर है। से पूरी घटना आगरा के खंदौली थाना क्षेत्र के माइलस्टोन 161 के पास की बताई जा रही है। कहा जा रहा है कि नोएडा की ओर जा रही दो कारें और एक कैंटर की जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए।

यह हादसा यमुना एक्सप्रेसवे पर सोमवार की सुबह तेज रफ्तार के कारण हुआ। जानकारी के मुताबिक दो कारों और एक कैंटर के बीच हुई टक्कर इतनी भयंकर थी कि गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए और चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति बुरी तरह से घायल हो गया। हादसे के बाद गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## सीएम ने संवेदना व्यक्त की



घटना की गंभीरता को देखते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लिया। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और घायलों के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की। जिला प्रशासन के अधिकारी राहत कार्यों में जुटे हुए हैं और हादसे की जांच चल रही है।

# रवि काना पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

> फर्जी हस्ताक्षर करके अग्रिम जमानत के कागज कोर्ट में किए थे जमा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** स्क्रैप माफिया रवि नागर उर्फ रवि काना के खिलाफ थाना बीटा-2 में धोखाधड़ी का एक और मामला दर्ज हुआ है। आरोप है कि रवि काना ने अपने गैंग के सदस्यों के साथ आपराधिक षड्यंत्र रचते हुए अपने फर्जी हस्ताक्षर बनवाकर अग्रिम जमानत के लिए न्यायालय में प्रार्थना पत्र दाखिल किया था।

गैंगस्टर रवि काना के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की विवेचना कर रहे थाना नॉलेज पार्क के प्रभारी विपिन कुमार ने थाना बीटा-2 में रवि काना के खिलाफ धोखाधड़ी आपराधिक षडयंत्र रचने सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कराया है। दर्ज रिपोर्ट में उन्होंने बताया कि गैंगस्टर एक्ट की विवेचना के दौरान पता चला कि



रवि नागर उर्फ़ रवि काना उर्फ रविंद्र पुत्र जितेंद्र 1 जनवरी 2024 को नई दिल्ली इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 से थाई एयर बेस की फ्लाइट से थाईलैंड चला गया था। 27 अप्रैल को वह भारत वापस आया था। भारत से बाहर विदेश में रहते हुए अभियुक्त रवि नागर उर्फ़ रवि काना ने अपने खिलाफ दर्ज मुकदमे में अग्रिम जमानत के लिए 4 जनवरी 2024 को जिला एवं सत्र न्यायालय गौतमबुद्धनगर में अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल किया था। उन्होंने बताया कि इस दौरान रवि नागर देश से बाहर था और उसने अपने गैंग के सदस्यों के साथ आपराधिक षडयंत्र रचकर अपने फर्जी हस्ताक्षर बनवाकर कूट रचित प्रपत्र तैयार कर उन्हें अग्रिम जमानत के लिए न्यायालय में दाखिल किया था। गैंगस्टर एक्ट के विवेचक विपिन कुमार की रिपोर्ट के आधार पर थाना बीटा दो में गैंगस्टर रवि काना व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

बता दें कि गैंगस्टर रवि काना व उसके साथियों के खिलाफ थाना सेक्टर-39 में यूपी के साथ सामूहिक दुश्मन का मामला दर्ज हुआ था इस मामले में गिरफ्तारी से बचने के लिए वह बैंकॉक चला गया था।

# निर्माणाधीन इमारत से गिरा मजदूर, मौत

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बिसरख क्षेत्र में एक निर्माणाधीन इमारत से काम करने के दौरान ऊंचाई से गिरने के कारण मजदूर की मौत हो गई। मूल रूप से जनपद शाहजहांपुर निवासी अखिलेश कुमार मजदूरी का काम करता था। वह हाल में थाना बिसरख क्षेत्र में निर्माणाधीन निराला स्टेट की इमारत पर मजदूरी का काम कर रहा था। सोमवार को अचानक संतुलन बिगड़ने के कारण ऊंचाई से गिरकर अखिलेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी मजदूर उसे तुरंत उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे जहां कुछ देर बाद उसने दम तोड़ दिया।

थाना बिसरख प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है इस संबंध में परिजनों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है।

## खुदाई के दौरान मिट्टी में दबकर व्यक्ति की मौत

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-126 क्षेत्र के असगरपुर गांव के पास टेलीफोन की भूमिगत लाइन डालने के दौरान मिट्टी का टीला खिसकने से मिट्टी के नीचे दबने की वजह से एक मजदूर की मौत हो गई।

वेव सिटी गाजियाबाद निवासी आदिल पुत्र वाहिद अपने साथियों के साथ असगरपुर गांव के पास टेलीफोन की भूमिगत केवल डाल रहा था। इस दौरान एक बड़े खड्डे में अचानक मिट्टी ढह गई और आदिल उसके नीचे दब गया। साथी मजदूरों ने उसे किसी तरह मिट्टी से बाहर निकाला और गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया । उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलने पर थाना सेक्टर-126 पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि इस संबंध में (शेष पृष्ठ-3 पर)

## सीढ़ियों से गिरकर युवक की मौत

**ग्रेटर नोएडा( चेतना मंच )।** थाना कासना क्षेत्र के सिरसा गांव में बीती रात्रि सीढ़ियों से गिरने के कारण एक युवक की मौत हो गई। मूल रूप से बिहार का रहने वाला ललित यादव हाल में सिरसा गांव में किराए पर रह रहा था। वह मेहनत मजदूरी कर अपना भरण पोषण कर रहा था। बीती रात्रि वह अपने मकान की सीढ़ियां चढ़ रहा था। इस दौरान संतुलन बिगड़ने के कारण वह सीढियों से नीचे आ रहा था। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना ईकोटेक-3 में क्षेत्र से एक 14 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। किशोरी की मां की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मूल रूप से हमीरपुर जनपद के रहने वाली शोभा (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि (शेष पृष्ठ-3 पर)

## प्राधिकरण की जमीन पर कब्जा कर निर्माण कराने पर मुकदमा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण की अर्जित एवं कब्जा प्राप्त भूमि पर अवैध अतिक्रमण करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ थाना सेक्टर-20 में मुकदमा दर्ज किया गया है। नोएडा प्राधिकरण के लेखपाल की शिकायत पर यह मुकदमा दर्ज किया गया है। नोएडा प्राधिकरण भूलेख विभाग में तैनात लेखपाल विनय कुमार ने ग्राम निठारी में प्राधिकरण की अर्जित भूमि पर अवैध कब्जा करने के आरोप में बृजेश अवाना पुत्र देवेंद्र अवाना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। लेखपाल का आरोप है कि बृजेश अवाना द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण को पूर्व में वर्क सर्कल दो के अवर अभियंता द्वारा रुकवा दिया गया था। इसके बावजूद भी बृजेश अवाना द्वारा रात में प्राधिकरण की भूमि पर निर्माण कार्य कराया जा रहा था। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# बेटे को गिल्ली लगने की शिकायत पिता को पड़ी भारी

## जानलेवा हमला कर पैर तोड़ा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** गिल्ली डंडा खेलने के दौरान बेटे को गुल्ली लगने की शिकायत कराने गए पिता के साथ चार लोगों ने जमकर मारपीट की। मारपीट के दौरान आरोपियों ने लोहे की रॉड से वार कर शिकायतकर्ता का पैर तोड़ दिया। पीड़ित के भाई ने थाना ईकोटेक 3 में मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम अलीवर्दीपुर निवासी जावेद खान ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 15 दिसंबर की सुबह उसके बड़े भाई जाहिद खान का बेटा घर के बाहर गया था वहां पर पड़ोस में रहने वाला चांद अन्य बच्चों के साथ गिल्ली डंडा खेल रहा था। खेल के दौरान जाहिद के बेटे जैद के गाल पर गिल्ली लगने



से वह घायल हो गया। जैद रोता हुआ घर पहुंचा इसके बाद जाहिद घर के बाहर खेल रहे बच्चों के माता-पिता से शिकायत करने के लिए उनके घर पहुंचे। रास्ते में उसे चांद, हाजी आबिद,आकिब व आशु मिले। जाहिद ने जब उनसे शिकायत की तो आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जाहिद ने जब इस बात का विरोध किया तो चांद ने लोहे की रॉड से उस पर वार कर दिया। लोहे की रॉड लगने (शेष पृष्ठ-3 पर)

# सरेआम वाहनों में तोड़फोड़ व फायरिंग, पांच गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** गली में खड़े होकर महिला मित्र के साथ गाली-गलौज कर रहे युवक को रोकना लोगों को महंगा पड़ा। युवक ने साथियों के साथ मिलकर गली में खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ की। युवक ने सरेआम अवैध असलाहों से फायरिंग कर कॉलोनी में दहशत फैला दी। कॉलोनीवासी की शिकायत पर थाना बिसरख पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पांच लोगो को गिरफ्तार कर लिया है। शाहबेरी के साईं गार्डन में रहने वाले शिव नरेश



सिंह चौहान ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 15 दिसंबर की रात्रि को एक लड़का अपनी महिला मित्र को लेकर गली में अंधेरे में खड़ा हुआ था। युवक अपनी महिला मित्र के साथ चिल्लाकर गाली-गलौज कर रहा था। उन्होंने जब (शेष पृष्ठ-3 पर)

# भाजपा के मंडल अध्यक्षों की घोषणा 20-21 तक

## नोएडा में 4 मंडल अध्यक्ष बदले जाएंगे, 4 के रिपीट की संभावना

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर के सभी आठ मंडल अध्यक्षों की घोषणा 20 या 21 दिसंबर तक हो जाएगी।

भाजपा के प्रदेश स्तर के एक जिम्मेदार पदाधिकारी ने बताया कि सभी आठों मंडलों के अध्यक्ष पद के लिए दाखिल आवेदन चुनाव अधिकारी विजय सोनकर को सौंप दिये गये हैं। उन्होंने हर मंडल में 3-3 दावेदारों के नाम की सूची बनाकर



प्रदेश हाईकमान को भेज दी है। जिस पर हाईकमान किसी एक नाम पर मोहर लगाकर अध्यक्षों के नाम फइनल करके 20-21 दिसंबर को सूची भेज देगा।

पार्टी के भरोसेमंद सूत्र बताते हैं कि नोएडा के 8 मंडल अध्यक्षों में से 4 रिपीट हो सकते हैं तथा 4 बदले जाएंगे। जिन मंडल अध्यक्षों के नाम रिपीट हो सकते हैं उनमें सरस्वती शिशु मंडल, शहीद भगत सिंह मंडल, कृष्णानगर मंडल तथा सैनिक विहार मंडल के नाम शामिल हैं।

सूत्रों की मानें तो अटल बिहारी वाजपेयी मंडल के अध्यक्ष कल्लू सिंह, पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल के अध्यक्ष लोकेश कश्यप, श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल के अध्यक्ष पंकज झा तथा महाराणा प्रताप मंडल के अध्यक्ष गोपाल गौड को बदलकर नये मंडल अध्यक्षों की घोषणा की जा सकती है। फ्लिहाल अध्यक्ष पदो के सभी दावेदारों की निगाह प्रदेश हाईकमान की घोषित होने वाली सूची पर टिकी है। वहीं कई दावेदार अध्यक्ष पद पाने के लिए अपने-अपने आकाओं से पैरवी कराने की होड़ में लगे हुए हैं।

# 'एक देश-एक चुनाव' का फैसला सराहनीय: डीपी यादव

## पूर्व मंत्री ने किसानों के जेल जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया




**नोएडा ( चेतना मंच )।** पूर्व सांसद तथा पूर्व मंत्री डीपी यादव ने कहा कि देश में 'एक देश-एक चुनाव' होने से काफी चीजें सही होंगी। यह सरकार का उत्तम विचार है। इससे जहां फिजूलखर्ची पर रोक लगेगी। वहीं लोगों को परेशानी से निजात मिलेगी। सरकार का यह कदम सराहनीय है।

जनपद में चल रहे किसान आंदोलन व किसानों के जेल जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि किसानों का जेल जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों को भी उन किसानों के साथ-साथ शांति पूर्ण बर्ताव करना चाहिए जिन्होंने यहां के विकास के लिए अपनी बेशकीमती जमीन दी है। नोएडा प्राधिकरण को उनके जीवनयापन तथा उनके बच्चों के रोजगार की भी चिंता करनी चाहिए तथा उन्हें अवसर दिया जाना चाहिए। श्री यादव ने कहा कि किसानों को भी अधिकारियों के (शेष पृष्ठ-3 पर)

# आज बंद रहेगा रेलवे का फाटक नम्बर-151



**दादरी।** उत्तर मध्य रेलवे दादरी के सीनियर सेक्शन इंजीनियर ने बताया कि मारीपत- चिपियाना बुजुर्ग रेलवे स्टेशन के मध्य स्थित फाटक संख्या 151 पर मरम्मत कार्य होने के फलस्वरुप 17 दिसंबर 2024 की सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक बंद रहेगा। इस संबंध में उन्होंने आम नागरिकों का आह्वान किया है कि इस मार्ग से जाने वाले नागरिक फाटक बंद होने की अवधि के दौरान हल्के तथा बाहरी सड़क यातायात को निकटवर्ती लाल कुआं रोड से डायवर्ट किया गया है।

# युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**नोएडा ( चेतना मांच )।** थाना फेस-1 क्षेत्र के सेक्टर-15 में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। इस कारण आत्महत्या की वजह का पता नहीं चल पाया है। मूल रूप से मधुबनी बिहार निवासी (25 वर्षीय) विजय कुमार अपने परिजनों के साथ सेक्टर-15 में किराए पर रह रहा था।

सोमवार को उसके परिजन घर से बाहर गए थे। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटे तो उन्हें विजय कुमार फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। परिजन उसे उतार कर चिकित्सक के पास ले गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची थाना फेस-1 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# सैनिक बंधु समिति की बैठक 20 दिसंबर को

**नोएडा ( चेतना मंच )।**

डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी गौतमबुद्धनगर कर्नल कपिल कत्याल( अ0प्रा0) ने भूतपूर्व सैनिकों को जानकारी दी है कि जिला अधिकारी गौतमबुद्धनगर कि अध्यक्षता में भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए 20 दिसंबर 2024 को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार सूरजपुर में जिला सैनिक बंधु समिति की बैठक आहूत की जाएगी।

उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों से कहा कि बैठक में दिए गए



बिंदुओं से संबंधित समस्याओं को 19 दिसंबर 2024 तक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कार्यालय में प्रेषित करें, ताकि जिलाधिकारी को अग्रिम सूचनाओं से अवगत कराया जा सके।

## संविधान की समीक्षा

भारत के संविधान में 125 से अधिक संशोधन किए जा चुके हैं। सभी संसद में पारित किए गए। संविधान और गणतंत्र के 75 साल पूरे हो रहे हैं। इस अवसर पर संसद एक लंबा विमर्श करे, संविधान की समीक्षा की जाए और फिर प्रधानमंत्री सदनों को संबोधित करें। संसदीय परंपरा यही रही है और उसी का अनुपालन किया जाना चाहिए, लेकिन संविधान समीक्षा के नाम पर अतीत के प्रधानमंत्रियों और उनके फैसलों को लगातार कोसा जाए, कांग्रेस को संविधान का 'शिकार करने वाली पार्टी' करार दिया जाए, खून मुंह लग गया है, लिहाजा संविधान को बार-बार 'लहूलुहान' किया गया, ऐसे कथन संविधान की समीक्षा नहीं कहे जा सकते। देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के 17 साला कालखंड के दौरान 17 बार संविधान में संशोधन किए गए। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकालों के दौरान क्रमश 28 बार और 10 बार संविधान में संशोधन किए गए, तो आज उन पर सवाल क्यों उठाए जा रहे हैं? उनकी प्रासंगिकता क्या है? वे तमाम संविधान-संशोधन संसद ने ही पारित किए, तो संविधान कैसे 'घायल' किया गया? यदि देश की स्वतंत्रता के बाद करीब 55 साल कांग्रेस ने देश पर शासन किया, तो देश ने जनादेश दिया होगा! क्या जनादेश का अपमान करना ही संविधान की समीक्षा है? संविधान की समीक्षा के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 110 मिनट के संबोधन में लोकसभा में 11 संकल्प रखे। उनमें खास हैं-नागरिक और सरकार अपने कर्त्तव्यों का पालन करें। हर क्षेत्र और समाज का समान विकास सुनिश्चित किया जाए। देश के कानून, नियमज्देश की परंपराओं के पालन में गर्व हो। गुलामी की मानसिकता से मुक्ति हो, देश की विरासत पर गर्व हो। सिर्फ स्वार्थ के लिए संविधान को हथियार न बनाया जाए। जिन्हें आरक्षण मिल रहा है, उसे न छीना जाए, लेकिन धर्म के आधार पर आरक्षण की कोशिश पर रोक लगे। राजनीति परिवारवाद से मुक्त हो। भ्रष्टाचार पर 'जीरो टॉलरेंस' और भ्रष्टाचारी सामाजिक स्वीकार्य न हो। महिलाओं के नेतृत्व में विकास के जरिए भारत एक मिसाल बने। 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का ध्येय हो।' इन संकल्पों को लोकसभा में प्रस्ताव के तौर पर पारित किया जाता, तो वह संविधान का हिस्सा हो सकता था। वह संविधान की समीक्षा की कोशिश भी होती। संविधान के कुछ अनुच्छेद आज अप्रासंगिक हो सकते हैं, कुछेक में अनिवार्य संशोधन या मिटाने की जरूरत होगी, तो संसद उन पर व्यापक बहस करती और अंतिम संशोधन पारित करती, तो उसे संविधान-समीक्षा माना जा सकता था। प्रधानमंत्री ने जो कुछ कहा, वह निरी सियासत के अलावा कुछ भी नहीं। दूसरी तरफ लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संविधान और 'मनु स्मृति' की तुलना करने का प्रयास किया। यह बुनियादी तौर पर गलत है, क्योंकि संविधान हमारे महान पुरखों की 'संविधान सभा' में लगातार विमर्श के बाद, बाकायदा अनुच्छेदों में, लिखा गया है। उसे राष्ट्रीय मान्यता दी गई है। 'मनु स्मृति' न तो कोई संवैधानिक संकलन है और न ही पुराण, वेद, उपनिषद-सम्मत कोई दस्तावेज है। 'मनु स्मृति' का संबंध करीब 100 साल पुराने आरएसएस, जनसंघ और भाजपा से भी नहीं है। कांग्रेस और कुछ विपक्षी दलों ने एक मान्यता गढ़ ली और वे 'मनु स्मृति' को संविधान के समानांतर मानते रहे हैं। यह सोच और मानसिकता भी गलत है। यदि किसी 'मनु' को प्रकृति का 'आदि-पुरुष' माना जाता है, तो वह राहुल गांधी की कांग्रेस, सपा, राजद, तृणमूल और वामपंथी दलों का भी 'आदि-पुरुष' होगा।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि सब देवता अपने भाँति-भाँति के वाहन और विमान सजाने लगे, कल्याणप्रद मंगल शकुन होने लगे और अप्सराएँ गाने लगीं ।।उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**सिवहि संभु गन करहिं सिंगारा। जटा मुकुट अहि मौरु सँवारा॥**
**कुंडल कंकन पहिरे ब्याला। तन बिभूति पट केहरि छाला॥**

शिवजी के गण शिवजी का श्रृंगार करने लगे। जटाओं का मुकुट बनाकर उस पर साँपों का मौर सजाया गया। शिवजी ने साँपों के ही कुंडल और कंकण पहने, शरीर पर विभूति रमायी और वस्त्र की जगह बाघम्बर लपेट लिया॥

**ससि ललाट सुंदर सिर गंगा। नयन तीनि उपबीत भुजंगा॥**
**गरल कंठ उर नर सिर माला। असिव बेष सिवधाम कृपाला॥**

शिवजी के सुंदर मस्तक पर चन्द्रमा, सिर पर गंगाजी, तीन नेत्र, साँपों का जनेऊ, गले में विष और छाती पर नरमुण्डों की माला थी। इस प्रकार उनका वेष अशुभ होने पर भी वे कल्याण के धाम और कृपालु हैं॥

**कर त्रिसूल अरु डमरु बिराजा। चले बसहँ चढ़ि बाजहिं बाजा॥**
**देखि सिवहि सुरत्रिय मुसुकाहीं। बर लायक दुलहिनि जग नाहीं॥**

एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे में डमरू सुशोभित है। शिवजी बैल पर चढ़कर चले। बाजे बज रहे हैं। शिवजी को देखकर देवांगनाएँ मुस्कुरा रही हैं (और कहती हैं कि) इस वर के योग्य दुलहिन संसार में नहीं मिलेगी॥ (क्रमशः...)

# चुनावी राजनीति में सॉफ्ट टारगेट क्यों बनती जा रही हैं महिलाएं? कब होगी असली मुद्दों की बात?

भारत की राजनीति में महिलाएं राजनीतिक दलों के लिए एक सॉफ्ट टारगेट बनती जा रही हैं। देश के सभी राजनीतिक दलों को यह लगने लगा है कि महिला मतदाताओं को लुभा कर चुनावी जीत हासिल की जा सकती है। यही वजह है कि एक के बाद एक कई राज्यों में राजनीतिक दलों ने खासकर सत्तारूढ़ राजनीतिक दलों ने महिलाओं के खाते में सीधे कैश पहुंचा कर सत्ता में फिर से वापसी करने में कामयाबी हासिल कर ली है।



मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री रहने के दौरान शिवराज सिंह चौहान, लाडली बहना योजना चलाकर अपने आपको पूरे राज्य की महिलाओं के लिए भाई और बच्चों के लिए मामा के रूप में स्थापित कर चुके हैं। शिवराज सिंह चौहान सरकार के नक्शे-कदम पर चलते हुए हाल ही में महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे की महायुति गठबंधन सरकार और झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार ने सत्ता में जोरदार वापसी की है।

राजनीतिक दल चुनावी राजनीति के हिसाब से किस तरह से महिलाओं को सॉफ्ट टारगेट मान रहे हैं, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि विभिन्न राज्यों में सत्तारूढ़ सरकारें अब चुनाव से पहले महिलाओं के खाते में एक निश्चित रकम भेजने की योजना लाते हैं और अगर संभव होता है तो एक-दो किस्त भेज भी देते हैं और फिर महिलाओं से यह वादा करते हैं कि अगर वे उनकी पार्टी को चुनाव जीता दें तो फिर से सरकार बनने के बाद वे उस राशि को बढ़ा देंगे। अब इसे महिला सम्मान योजना का नाम दिया जाए या लाडली बहना योजना का नाम दिया जाए या फिर कोई और नाम दिया जाए लेकिन सही मायनों में यह एक चुनावी रिश्वत से ज्यादा कुछ नहीं होता है।

हाल ही में दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार ने भी यही किया। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के नाम पर हर महिला के खाते में एक हजार रुपए भेजने की घोषणा की, हालांकि वे और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, दोनों ही इस बात को बखूबी समझते हैं कि चुनाव से पहले महिलाओं के खाते में पैसे जाने की संभावना बहुत ही कम है। लेकिन उस पर भी तुर्रा देखिए कि केजरीवाल ने एक तरह से

***भारत जैसे कल्याणकारी राज्य में इस तरह की योजनाओं की प्रासंगिकता पर सवाल नहीं उठाए जाने चाहिए लेकिन यह भी एक कड़वी सच्चाई है कि राजनीतिक दल इसे चुनाव जीतने के लिए एक टूल की तरह इस्तेमाल करने लग गए हैं।***

महिलाओं को चुनावी लालच देते हुए यह भी घोषणा कर दी है कि विधानसभा चुनाव जीतवा दो तो इसे बढ़ाकर 2100 रुपए कर दिया जाएगा। हालांकि दिल्ली सरकार के वित्त विभाग ने इस योजना में होने वाले खर्च की राशि को लेकर कई तरह की गंभीर चिंताएं व्यक्त की हैं।

भारत जैसे कल्याणकारी राज्य में इस तरह की योजनाओं की प्रासंगिकता पर सवाल नहीं उठाए जाने चाहिए लेकिन यह भी एक कड़वी सच्चाई है कि राजनीतिक दल इसे चुनाव जीतने के लिए एक टूल की तरह इस्तेमाल करने लग गए हैं। चुनावी शोर, चुनावी वादें और चुनावी जीत की गहमा-गहमी के बीच असली मुद्दे कहीं गौण होते नजर आ रहे हैं।

सवाल यह खड़ा हो रहा है कि आखिर इस तरह की योजनाएं चुनाव के पहले ही क्यों शुरू की जाती है? इससे भी बड़ा सवाल यह है कि क्या 1000, 1500, 2100 या 3000 रुपए की राशि से सभी समस्याओं का स्थायी समाधान हो जाता है। वास्तव में एक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा में फ्री शिक्षा, फ्री स्वास्थ्य और फ्री नौकरी निहित होती है लेकिन विडंबना देखिए कि सरकारों ने इन मुद्दों पर स्थायी काम करने की बजाय कामचलाऊ हल ढूंढ लिया है।

सरकार और देश के राजनीतिक दल, लोगों को फ्री शिक्षा, फ्री स्वास्थ्य और फ्री नौकरी देने से बचने के लिए बाकी हर चीज मुफ्त में देने को तैयार है। ऐसे में अब वक्त आ गया है कि महिला मतदाताओं को ही आगे बढ़कर, नेताओं से यह सवाल पूछना चाहिए कि सरकारी स्कूलों और कॉलेजों की हालत इतनी खराब क्यों हैं ? प्राइवेट स्कूलों और कॉलेजों की फीस बेतहाशा क्यों बढ़ती जा रही है? जिस देश में बड़े पैमाने पर डॉक्टरों की कमी है, उस देश में एमबीबीएस की प ?ाई का खर्च सालाना एक करोड़ रुपए से भी ज्यादा कैसे हो गया है ? सरकारी अस्पताल में समय पर उचित और फ्री इलाज क्यों नहीं मिल पा रहा है ? नौकरी तक का फॉर्म भरने के लिए बेरोजगार बच्चों से सैकड़ों-हजारों रुपए क्यों लिए जा रहे हैं? क्योंकि अगर आप जोड़ कर देखेंगी तो ये सभी खर्च मिलाकर आपको महिला सम्मान या लाडली बहना योजना के नाम पर मिलने वाली राशि से कई हजार गुना ज्यादा बैठ जाएगी।

**- संतोष पाठक**
**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं।)**

## वजूद पर अफसोस जाहिर करेगा बांग्लादेश

चाकू खरबूजे पर गिरे या खरबूजा चाकू पर, आखिर कटेगा खरबूजा ही'। भारतीय सैनिकों की कुर्बानियों से वजूद में आए मुल्क बांग्लादेश पर यह प्रसंग सटीक बैठ रहा है। बांग्लादेश सन् 1971 से पूर्व पाकिस्तान का हिस्सा था। बांग्लादेश की साबिक वजीरे आजम 'शेख हसीना' के परिवार तथा बांग्ला आवाम के प्रति पाक सेना का रवैया बेहद हिकारत भरा रहा है। दिसंबर 1970 में पाकिस्तान में हुए आम चुनावों में शेख हसीना के वालिद 'शेख मुजीबुर्रहमान' की पार्टी 'अवामी लीग' ने प्रचंड जीत हासिल की थी। उस इंतखाबी जीत के लिए बांग्ला अखबार 'दैनिक इत्तिफाक' ने शेख मुजीब को 'शेर-ए-पाकिस्तान' के रूप में पेश कर दिया। शेख मुजीब की प्रचंड इंतखाबी जीत तथा दैनिक इत्तिफाक अखबार की कारकर्दगी पाक सैन्य हुक्मरानों को नागवार गुजरी। सात मार्च 1971 को शेख मुजीब ने ऐलान कर दिया था कि यदि पाक सेना जनादेश का एहतराम नहीं करेगी तो आवाम पूर्वी पाक को अपना अलग बांग्ला मुल्क बनाएगी। 25 मार्च 1971 को पूर्वी पाक के सिपहसालार 'टिक्का खान' ने आपरेशन 'सर्च लाइट' का ऐलान करके बांग्ला लोगों की कत्लोगारत का सिलसिला शुरू करके दैनिक इत्तिफाक का दफ्तर भी जला दिया। पाक सेना के तशद्दुद से आक्रोषित होकर शेख मुजीब ने बांग्लादेश की आजादी की घोषणा कर दी।

26 मार्च 1971 को पाक सेना ने शेख मुजीब को हिरासत में लेकर पाकिस्तान की फैसलाबाद जेल में भेज दिया। 'याहिया खान' की सैन्य हुकूमत ने अपने जरनैल रहीमुद्दीन खान को शेख मुजीब के ट्रायल की कमान सौंपी। पाक सैन्य अदालत ने शेख मुजीबुर्रहमान को फांसी की सजा सुना दी थी। लेकिन तीन दिसंबर 1971 को पाकिस्तान ने भारत पर हमला करके एक जहालत भरी गुस्ताखी को अंजाम दे दिया। पूर्वी मोर्चे पर 'गंगासागर' में पाक फौज की मजबूत किलेबंदी पर भारतीय सेना की '14 गार्ड्स' बटालियन ने तीन दिसंबर 1971 को जोरदार हमला करके कई पाक सैनिकों को हलाक करके गंगासागर पर कब्जा कर लिया था।

गंगासागर की जंग में पाक फौज की मोर्चाबंदी को ध्वस्त करने में अहम किरदार अदा करके सर्वोच्च बलिदान देने वाले लांस नायक 'अल्बर्ट एक्का' को सेना ने 'परमवीर चक्र' (मरणोपरांत) से अलंकृत किया था। गंगासागर की उसी जंग में अदम्य साहस का परिचय देने वाले '14 गार्ड्स' के मेजर 'अशोक कुमार तारा' को 'वीर चक्र' से नवाजा गया था। भारतीय सेना के जोरदार पलटवार से पाक सेना युद्ध के 13वें दिन मफलूज होकर घुटनों के बल बैठ चुकी थी। पूर्वी पाक के कमांडर 'आमिर अब्दुल्ला खान नियाजी' ने 16 दिसंबर 1971 को 'रामना रेसकोर्स' मैदान में आत्मसमर्पण के दस्तावेज पर दस्तखत कर दिए थे। भारतीय सेना ने पाकिस्तान को तकसीम करके पूर्वी पाक को बांग्लादेश में तब्दील कर दिया था। बांग्ला आवाम जश्न-ए-आजादी के खुमार में डूब चुकी थी। गंगासागर युद्ध की जीत के बाद मेजर अशोक तारा अपनी कंपनी के साथ 'ढाका' हवाई अड्डे की सुरक्षा में तैनात थे। मगर ढाका के धानमंडी कस्बे में शेख मुजीबुर्रहमान की बेटी शेख हसीना सहित उनके पूरे परिवार को एक पाक सैन्य दस्ता हिरासत में ले चुका था। उस मुश्किल वक्त में 17 दिसंबर 1971 को 14 गार्ड्स के मेजर अशोक तारा ने मात्र दो सैनिकों के साथ जोखिम भरे सैन्य मिशन को अंजाम देकर शेख मुजीब के घर को घेर चुके पाक सैनिकों को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर करके शेख हसीना सहित बंग बंधु मुजीबुर्रहमान के पूरे परिवार को महफूज बचा लिया था। भारतीय सेना के खौफनाक हमलों से सदमे में जा चुकी पाक सैन्य हुकूमत ने सात जनवरी 1972 को शेख मुजीबुर्रहमान को पाकिस्तान की मियांवाली जेल से रिहा कर दिया। शेख मुजीब ने रावलपिंडी के चकलाला हवाई अड्डे से लंदन के लिए परवाज पकड़ी।

नौ जनवरी 1971 को ढाका वापसी पर शेख मुजीब कुछ वक्त के लिए नई दिल्ली में रुके। भारत की तत्कालीन हुकूमत ने शेख मुजीब का इस्तकबाल किया। बांग्लादेश पहुंचने पर शेख मुजीब ने रामना रेसकोर्स मैदान में बांग्ला आवाम से मुखातिब होकर एक मखसूस अंदाज में रविंद्रनाथ टैगोर को भी याद किया। शेख मुजीब ने अशोक तारा को भी अपने घर बुलाकर सम्मानित किया था। सन् 2012 में बांग्लादेश की वजीरे आजम रहते शेख हसीना ने कर्नल 'अशोक तारा' को 'फ्रेंड्स ऑफ बांग्लादेश लिबरेशन वॉर अवार्ड' से नवाजा था। 17 अप्रैल 1971 को शेख मुजीब बांग्लादेश के वजीरे आजम बने। मगर बांग्लादेश की सेना ने 15 अगस्त 1975 को शेख मुजीबुर्रहमान को उनके परिवार के 17 सदस्यों सहित हलाक करके दुनिया को अपना असली चेहरा दिखा दिया था। गनीमत यह रही कि शेख हसीना व उनकी बहन शेख रिहाना उस वक्त जर्मनी में थीं।

उस मुश्किल दौर में शेख हसीना को अगस्त 1975 से लेकर मई 1981 तक भारत ने ही शरण दी थी। सन् 2009 में शेख हसीना के दौरे हुकूमत में 'बांग्लादेश राइफल्स' की खूनी बगावत भी भारतीय सेना के खौफ से ही शांत हुई थी। गत पांच अगस्त 2024 के तख्तापलट के बाद बेदखल हुई शेख हसीना के लिए भारत एक बार फिर देवदूत बना है। दरअसल भारत से शेख हसीना का मैत्रीभाव तथा सन् 1971 युद्ध के आत्मसमर्पण की तजलील करने वाली तस्वीरों ने पाक हुक्मरानों का अमन चैन चुरा लिया है। सुपुर्दे ढाका की जिल्लत भरी तारीख पर पाकिस्तान की पुश्तें पाक सेना को एक मुद्दत से कोस रही हैं। लेकिन मौजूदा हालात के मद्देनजर बांग्लादेश का अल्पसंख्यक समुदाय अपनी सुरक्षा के लिए एक बार फिर भारत से मोहताज है। इनसानियत मजहबी दहशत के हाथों जबह हो रही है। अत बांग्लादेश को सख्त लहजे में पैगाम नसर करना होगा। भारतीय सेना सरहदों की बंदिशों को तोड़कर 16 दिसंबर 1971 का सुपुर्दे ढाका का इतिहास दोहराने में गुरेज नहीं करेगी। बशर्ते हिंदोस्तान का सियासी नेतृत्व इच्छाशक्ति दिखाए, तो बांग्लादेश अपने वजूद पर अफसोस जाहिर करेगा। 1971 युद्ध के शहीदों को राष्ट्र नमन करता है।

**प्रताप सिंह पटियाल**
**स्वतंत्र लेखक**

## राशिफल

**मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष : द्वितिया** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
व्यावसायिक लाभ। पुत्र या पुत्री जो भी संतान से लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
धन आगमन होगा। कुटुंब में वृद्धि होगी। निवेश वर्जित रहेगा और सरकारी पंगेबाजी न करें।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
सरकारी नौकरी-चाकरी की स्थिति अच्छी होगी। स्वास्थ्य के मामले में पहले से बेहतर हो चुके हैं।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
मन चिंतित। तन की स्थिति भी बहुत अच्छी नहीं। प्रेम, संतान भी मध्यम है। व्यापार भी मध्यम है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम, संतान की स्थिति मध्यम रहेगी। व्यापारिक दृष्टिकोण से शुभ समय नहीं कहा जा सकता है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
आय की स्थिति सुदृढ़ होगी। यात्रा का योग बनेगा। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम, संतान मध्यम है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
कोर्ट-कचहरी में विजय की स्थिति बनेगी। स्वास्थ्य में सुधार हो चुका है। प्रेम,संतान की स्थिति अच्छी है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी-चाकरी की स्थिति अच्छी रहेगी। स्वास्थ्य ठीक-ठाक।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
शत्रुओं पर दबदबा बना रहेगा। डिस्टर्बेंस लेकिन रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम,संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भावुक मन से लिया गया निर्णय नुकसान करेगा। लिखने-पढ़ने में समय व्यतीत करें। स्वास्थ्य अच्छा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
गृह कलह के संकेत हैं। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा। गणेश जी को प्रणाम करते रहें।

# धूमधाम से मनाया सरदार पटेल स्मृति समारोह







**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** पटेल लोक संस्कृति संस्थान द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल स्मृति समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र शेखावत मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा.महेश शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव मलूक नागर मौजूद थे।

संस्थापक के संरक्षक के.पी. कसाना प्रिंसिपल वेदपाल भाटी, एडवोकेट राजकुमार नागर, सोमेंद्र भाटी, जगबीर भाटी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। पटेल लोक सांस्कृतिक संस्थान के अध्यक्ष ब्रह्मपाल नागर व प्रभारी गौरव नागर ने बताया कि संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सर्वप्रथम माँ के नाम एक वृक्ष संस्थान में लगाया।

इस मौके पर भारत के कोने-कोने से आये लगभग सौ लोक कलाकारों को आर्थिक सहयोग व सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से मास्टर कर्मपाल शर्मा, मंजू शर्मा, सुनीता पांचाल, राजेन्द्र खरकिया, राजबाला बहादुरगढ़, ठाकुर अनन्या सिंह, दीपा चौधरी, जयवीर भाटी, रामकुमार लक्खा, उदयवीर चौहान, योगेन्द्र चौधरी, सत्ते फरगानियां, रणवीर बड़वासिया, शशि देवी, संध्या शर्मा, कृष्ण बावरा, खुशी भोजपुरी, काशीनाथ यादव, मन्नू यादव, दीपक त्रिपाठी मौजूद थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अंतर्राष्ट्रीय लोक कलाकार ब्रह्मपाल नागर व पटेल लोक सांस्कृतिक संस्थान के भारतीय संस्कृति कला व लोक कलाकारों के हित के लिए किये गये कार्यों की खुलकर तारीफ की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि समारोह अध्यक्ष व विशिष्ट अतिथि ने लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के भारत एकीकरण के कार्य को खुलकर सराहना की व पटेल साहब को देश का महानायक बताया।

भारतीय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन एन0पी0 सिंह ने भारतीय शिक्षा बोर्ड वृत्तचित्र गीत का विमोचन किया व भारतीय शिक्षा में आधुनिक व पौराणिक शिक्षा के समायोजन के महत्व पर प्रकाश डाला।

समाज कल्याण अधिकार सतीश कुमार द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना वृत्तचित्र गीत का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा संस्कृति एवं पर्यटन वृत्तचित्र गीत को विमोचन किया गया। अंत में पटेल लोक सांस्कृतिक संस्थान के अध्यक्ष ब्रह्मपाल नागर ने सभी आगन्तुकों का दिल से धन्यवाद किया। यीडा के ओएसडी शैलेन्द्र भाटिया ने कार्यक्रम का विधिवत समापन किया।

---

### स्पोर्ट्सवुड प्रोजेक्ट

# हाईकोर्ट ने नोएडा प्राधिकरण से तलब किया जवाब

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-79 स्थित स्पोर्ट्सवुड प्रोजेक्ट के 44 होम बायर्स के लिए बड़ी मुश्किल खड़ी हो गई है। इन बायर्स ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि पांच साल बाद भी उनके फ्लैट की रजिस्ट्री और पजेशन नहीं हो पाया है, जबकि उन्होंने पूरा भुगतान कर दिया था और सभी फॉर्मलिटीज भी पूरी कर दी थीं। इस मामले को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नोएडा प्राधिकरण से जवाब मांगा है और अगली सुनवाई की तारीख 10 जनवरी 2025 तय की है।




स्पोर्ट्सवुड प्रोजेक्ट के 44 होम बायर्स ने याचिका में कहा कि उन्हें पांच साल पहले पजेशन मिला था, लेकिन आज तक उनकी रजिस्ट्री नहीं हो सकी। बायर्स का कहना है कि वे सभी अपने बकाए भुगतान कर चुके हैं और सभी जरूरी औपचारिकताएं भी पूरी कर चुके हैं। इसके बावजूद रजिस्ट्री में हो रही देरी के कारण उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बायर्स ने कोर्ट में यह भी आरोप लगाया कि रजिस्ट्री में देरी होने के कारण वे अपने फ्लैट को बेचने या ट्रांसफर करने में असमर्थ हैं। इसके अलावा, सर्किल रेट में संभावित वृद्धि से रजिस्ट्री की लागत और अधिक बढ़ सकती है, जिससे उन्हें और नुकसान हो सकता है। इस स्थिति में, बायर्स का मानना है कि उनके मकानों की रजिस्ट्री समय पर होनी चाहिए।

स्पोर्ट्सवुड प्रोजेक्ट नोएडा प्राधिकरण के स्पोर्ट्स सिटी प्रोजेक्ट का हिस्सा है, जिसकी शुरुआत 2010 में हुई थी। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य नोएडा में एक स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करना था, और इसके लिए 70 फीसदी भूमि स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए आरक्षित की गई थी, जबकि बाकी की भूमि को कमर्शियल और रेजिडेंशियल उपयोग के लिए निर्धारित किया गया था। नोएडा प्राधिकरण ने इस प्रोजेक्ट के लिए चार कंसोर्टियम को भूमि आवंटित की थी, जिनमें से जेनाडू एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड ने सेक्टर 78, 79 और 101 की जिम्मेदारी ली थी। जेनाडू ने इस भूमि को 16 हिस्सों में बांट दिया था और वहां विभिन्न रेजिडेंशियल और कमर्शियल प्रोजेक्ट्स शुरू किए थे।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मामले को गंभीरता से लिया है और नोएडा प्राधिकरण से जवाब देने के लिए कहा है। कोर्ट ने इस मामले में अगली सुनवाई की तारीख 10 जनवरी 2025 तय की है। जब प्राधिकरण को अपना जवाब प्रस्तुत करना होगा। इस मामले की सुनवाई बायर्स के लिए काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे उनके फ्लैट की रजिस्ट्री और अन्य कानूनी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और तेजी आने की उम्मीद है।

# करप्शन फ्री इंडिया संगठन का 21 को स्थापना दिवस



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** करप्शन फ्री इंडिया संगठन के जिला अध्यक्ष प्रेम प्रधान व गौरव भाटी ने बताया कि करप्शन फ्री इंडिया संगठन पिछले एक दशक से गरीब, मजदूर व असहाय लोगों की मदद करता रहा है और हमेशा देश को भ्रष्टाचार मुक्त करने की लड़ाई लड़ता रहा है।

गौरव भाटी ने बताया कि इमलिया गांव में संगठन की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आगामी 21 दिसंबर को करप्शन फ्री इंडिया संगठन के 11वें स्थापना दिवस की रूपरेखा तैयार की गई। राकेश नागर ने बताया कि संगठन का स्थापना दिवस आगामी 21 दिसंबर को इमलिया गांव में मनाया जाएगा। जिसमें समाज व क्षेत्र की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा तथा लोगो से देश व समाज को भ्रष्टाचार मुक्त करने का आह्वान किया जाएगा। इस दौरान चौधरी प्रवीण भारतीय, मास्टर दिनेश नागर, बलराज हूंन, प्रेमराज भाटी, राकेश नागर, कुलबीर भाटी, यतेंद्र नागर, बालेश्वर सूबेदार, पिंटू मास्टर, रिंकू सिंह, डॉ अख्तर हुसैन, दुलीचंद सिंह, बिल्लू नागर, सतेंद्र चौधरी, जितेंद्र भाटी आदि लोग मौजूद रहे।

---

## उपचार के दौरान युवक की मौत

**नोएडा( चेतना मांच )।** थाना सेक्टर 126 क्षेत्र के असगरपुर गांव में किराए पर रहने वाले एक युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मूल रूप से जनपद मालदा पश्चिम बंगाल का रहने वाला 26 वर्षीय विश्वजीत हलदर असगरपुर गांव में किराए पर रह रहा था। गंभीर हालत में परिजनों ने उसे सरकारी अस्पताल में उपचार की भर्ती कराया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। थाना सेक्टर 126 प्रभारी ने बताया कि अस्पताल से मिली सूचना के आधार पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजन बीमारी की वजह से विश्वजीत की मौत होने को कारण बता रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चलपाएगा।

## 45 हजार लोगों ने उठाया गुलदाउदी शो का लुत्फ

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-33ए शिवालिक पार्क मैदान में नोएडा प्राधिकरण की तरफ से आयोजित किया गया गुलदाउदी शो हिट रहा है। बड़ी संख्या में शहरवासी इस शो में गुलदाउदी की विभिन्न प्रजातियों को देखने के लिए पहुंचे। इस रुचि को देखते हुए नोएडा प्राधिकरण ने अगले वर्ष गुलदाउदी शो को और बड़ा करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर का कराने की योजना बनाई है। 100 से ज्यादा स्टॉल लगवाए जाएंगे और समय भी तीन दिन से ज्यादा का रहेगा।

सोमवार को भी प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में शहर के लोग खासकर स्कूलों के छात्र पहुंचे।

## शादी समारोह के दौरान मोबाइल चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** दोस्त की शादी में सम्मिलित होने गए एक व्यक्ति का मोबाइल फोन चोरी हो गया। पीड़ित ने थाना बिसरख में मुकदमा दर्ज कराया है। विकास एनक्लेव में रहने वाले गौरव ने दर्ज कराई की रिपोर्ट में बताया कि 8 दिसंबर को वह अपने दोस्त के की शादी में सम्मिलित होने के लिए तिगड़ी गोल चक्कर के राम पैलेस फार्म हाउस में गया था। शादी समारोह से जब वह बाहर निकाला तो उसे पता चला कि उसका मोबाइल फोन गायब है। उसने अपना मोबाइल फोन की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। पुलिस में पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच पड़ताल कर रही है।

# संयुक्त किसान मोर्चा 19 दिसंबर को डी एम दफ्तर पर करेगा धरना प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** किसान आंदोलन की अगुवाई कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा ने पिछले दस दिन से ज्यादा से जेल में बंद किसानों को रिहा नहीं किए जाने पर हैरानी और गुस्सा जाहिर करते हुए 19 दिसंबर को जिला अधिकारी कार्यालय पर 12 बजे से 3 बजे तक धरना-प्रदर्शन करने की घोषणा की है। जेल में बंद किसान नेताओं से संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात के बाद यह ऐलान किया गया है।

मोर्चा ने अपनी लंबित वाजिब मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से धरना प्रदर्शन करने पर किसानों को सीधे जेल में ठूंस देने और कानूनी प्रक्रिया का पालन न कर उन्हे लगातार जेल में रखे जाने पर हैरानी और गुस्से का इजहार किया है। मोर्चा ने उत्तर प्रदेश शासन व प्रशासन को चेताया है कि इस प्रकार दमन से न तो किसानों की मांगों को खारिज किया जा सकता है और न ही आंदोलन को दबाया जा सकता है। शासन के इस रवैये से किसानों और आम जनता में रोष बढ़ रहा है।

जिला अधिकारी द्वारा इस दौरान उनसे मिलने गए सांसदों व विधायकों को दिए गए किसानों को रिहा करने के आश्वासन खोखले साबित हुए हैं और ऐसा होने से उनके भरोसे पर सवालिया निशान लग गया है। गावों में पुलिस की दबिश और नजरबंदी ऐसा न होने का आश्वासन दिए जाने के बाद भी जारी है। इसके खिलाफ गावों में किसान और आम जनता की बढ़ती बैचेनी को आवाज देने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किसान और भूमिहीन 19 दिसंबर को जिला अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर जेल में बंद किसानों की अविलंब व बिना शर्त रिहाई की मांग करेंगे। और 10 फीसदी विकसित भूखंड, नए भूमि अधिग्रहण कानून को लागू करने तथा उच्च स्तरीय समिति द्वारा स्वीकार कर ली गई मांगों पर तुरंत अमल पर जोर देंगे। मोर्चा ने इस विरोध प्रदर्शन में महिलाओं से बड़े पैमाने पर शामिल होने की अपील की है।


### संबंध-विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं भोला गुप्ता पुत्र श्री छन्नू लाल गुप्ता, निवासी- 554 वार्ड नं -05, पेट्रोल पंप के पीछे ओम वाटिका कॉलोनी, दादरी, थाना -दादरी ,जिला-गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) मेरा पुत्र प्रशांत गुप्ता आए दिन मेरे साथ अभद्र व्यवहार, अभद्र भाषा का प्रयोग करता है, मेरे कहे अनुसार नहीं चलता है। मैंने अपने पुत्र प्रशांत गुप्ता को काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन प्रशांत गुप्ता समझने को तैयार नहीं है । मैं अपने पुत्र प्रशांत गुप्ता के इन्हीं कृतियों से दुखी होकर प्रशांत से संबंध-विच्छेद कर अपनी समस्त चल - अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। आज के बाद प्रशांत गुप्ता किसी से लेनदेन करता है या उसके किसी भी कृत्य के लिए वह खुद जिम्मेदार होगा । मेरा और मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।


## पृष्ठ एक के शेष....

**लोकसभा में पेश हुआ...**
आयोग का कहना था कि आजादी के शुरुआती सालों में देश में एक पार्टी का राज था और क्षेत्रीय दल कमजोर थे। धीरे-धीरे अन्य दल मजबूत हुए कई राज्यों की सत्ता में आए। वहीं, संविधान की धारा 356 के प्रयोग ने भी एक साथ चुनाव कराने की प्रक्रिया को बाधित किया। अब देश की राजनीति में बदलाव आ चुका है। कई राज्यों में क्षेत्रीय दलों की संख्या काफी बढ़ी है। वहीं, कई राज्यों में इनकी सरकार भी है।


**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी



Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com


**यमुना एक्सप्रेसवे पर भीषण...**
जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। इस दर्दनाक हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और क्रेन के जरिए गाड़ियों को हटाया गया। हादसे के कारण यमुना एक्सप्रेसवे पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया लेकिन पुलिस ने इसे नियंत्रित कर सामान्य कर दिया। प्राथमिक जांच में पुलिस ने यह माना है कि हादसा तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुआ था। फिलहाल पुलिस ने इस पूरे मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

**सीढ़ियों से गिरकर...**
सीढियों पर गिरने के कारण उसके सिर में गंभीर चोट आई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची थाना कासना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि घटना के समय ललित यादव शराब के नशे में था। शराब के नशे के कारण ही उसका संतुलन बिगड़ा और वह सीढ़ियों से गिर गया।

**संदिग्ध परिस्थितियों में...**
वह हाल में उद्योग केंद्र वन में रह रही है 13 दिसंबर को उसकी 14 वर्षीय बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गई। देर शाम तक घर न लौटने पर उसकी तलाश की गई लेकिन कोई पता नहीं चला। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और किशोरी की तलाश की जा रही है।

**खुदाई के दौरान मिट्टी...**
मृतक के परिजनों ने अभी कोई शिकायत नहीं दी है परिजन अगर शिकायत देते हैं तो वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**'एक देश-एक चुनाव'...**
समक्ष न्यायोचित मांग ही रखनी चाहिए तथा समस्या का समाधान में प्राधिकरण के अधिकारियों का सहयोग भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेती मेहनतकश काम है तथा किसानों का जेल जाना काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। इस बारे में सरकार को भी गंभीरता से सोचने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नोएडा कभी अभावग्रस्त था आज यहां ऊंचे-ऊंचे मॉल तथा बढ़ते उद्योग व्यापार इस विकास में सरकार के अलावा यहां के स्थानीय निवासियों का भी काफी सहयोग रहा है। उन्होंने कहा कि यहां उद्योग तथा व्यापार करने वालों का हम सभी मिलकर सहयोग करते हैं तथा करना चाहिए।

**सरेआम वाहनों में...**
युवक से उसका नाम पूछा तो उसने अपना नाम गौरव पुत्र कृष्णपाल निवासी कृष्णनगर बागू थाना विजयनगर गाजियाबाद बताया। शिव नरेश सिंह चौहान के मुताबिक उन्होंने युवक को वहां से जाने के लिए कहा जिस पर वह उन्हें देख लेने की धमकी देकर महिला मित्र को लेकर चला गया। कुछ देर बाद गौरव नामक युवक बाइक से अपने साथी वंश उर्फ विकास दक्ष शर्मा अन्य युवकों के साथ एक बार फिर गली में आ धमका। आते ही गाली गलौज करते हुए खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ शुरू कर दी। युवकों ने गली में खड़ी आर्टिका कार, बलेनो कार सहित कई गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया।

शिव नरेश सिंह चौहान ने बताया कि पड़ोसी नितिन त्यागी के साथ मिलकर जब उन्होंने युवकों का विरोध करना चाहा तो उन्होंने अवैध हथियारों से फायरिंग कर दी। इसके बाद युवक तमंचा लहराते हुए अपनी बाइक व स्कूटी पर बैठकर मौके से फरार हो गए। शिव नरेश सिंह चौहान के मुताबिक युवकों ने गली में खड़ी कई गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। युवकों द्वारा की गई फायरिंग से कॉलोनी में दहशत व्याप्त हो गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित के शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**बेटे को गिल्ली लगने...**
से जाहिद के पैर की हड्डियां टूट गई और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। थाना ईकोटेक तीन प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

**प्राधिकरण की जमीन पर...**
उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम 1976 के वर्णित प्रावधानों के तहत नोएडा के अनुसूचित क्षेत्र के अंतर्गत नोएडा प्राधिकरण की अनुमति प्राप्त किए बिना कोई भी निर्माण अनुमान नहीं है। थाना प्रभारी ने बताया कि लेखपाल की शिकायत पर अतिक्रमण करता के विरुद्ध लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 की धाराओं के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

**युवक ने फांसी...**
थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक पड़ताल में पता चला है कि विजय कुमार 5 दिन पूर्व ही बिहार से अपने मां और भाई के पास नोएडा रहने के लिए आया था। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। परिजन भी आत्महत्या की कोई ठोस वजह नहीं बता पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## सिंचाई निर्माण खण्ड, गाजियाबाद

पत्रांक: 3598 /सिनिखगा/कुटेशन नोटिस/ दिनांक: 11.12.2024

### कुटेशन नोटिस-01

माननीय राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य की सील्ड कुटेशन आमंत्रित की जाती है जोकि दिनांक 30.12.2024 को 03.00 बजे सांय तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय/ई मेल-ee_icdgzb@yahoo.in में भी दे सकते है, जो उसी दिन सांय 4.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी। डिजाइन ड्राइंग का कार्य उन्हीं फर्मों को दिया जायेगा, जिन्हे इस कार्य का अनुभव होगा। किसी अन्य जानकारी प्राप्त करने हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक 30.12.2024 से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है। विलम्ब से प्राप्त होने वाली कुटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा तथा किसी भी कुटेशन को बिना कारण बताये रद्द करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मात्रा | यूनिट | दर | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंकों में | शब्दों में |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | जनपद गौतमबुद्व नगर स्थित नोएडा सेक्टर-146,147 से ग्रेटर नोएडा के नोलेज पार्क-3 को जोडने वाले पहुंच मार्ग से हिण्डन नदी पर होने वाले प्रभाव से हिण्डन यमुना दोआब बंध के अपस्टीम एवं डाउनस्टीम में बाढ निरोधक कार्य की डिजाइन एवं ड्राइंग का कार्य। | 01 | जॉब | | |

अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई निर्माण खण्ड, गाजियाबाद

www.upidadv.up.gov.in, Upid-223975 Dt. 16/12/2024

## खास खबर

### श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके अपने भारत दौरे के दूसरे दिन आज सुबह राष्ट्रपति भवन पहुंचे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनकी अगवानी की। उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इससे पहले राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर इससे संबंधित वीडियो साझा किया गया है। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके की सितंबर में शीर्ष पद संभालने के बाद उनकी पहली विदेश यात्रा है। वह तीन दिवसीय दौरे पर कल रविवार को भारत पहुंचे। उन्होंने विदेशमंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ आज उनकी व्यापक वार्ता होनी है। श्रीलंका के राष्ट्रपति का दिल्ली में एक व्यावसायिक आयोजन में हिस्सा लेने और बोधगया जाने का कार्यक्रम है।

### एसयूवी कार से हो रही थी लाखों रुपए की चंदन लकड़ी की तस्करी, एसटीएफ ने दबोचा

**लातूर।** महाराष्ट्र के लातूर जिले में तस्करी कर लाई जा रही 12.08 लाख कीमत की 152 किलोग्राम चंदन की लकड़ी पुलिस ने पकड़ी है और दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया गया कि सूचना के आधार पर एसटीएफ की एक टीम ने राजमार्ग पर औसा के पास रात को एक एसयूवी कार को रोका। वाहन की जांच करने पर पुलिस को उसमें 12.08 लाख कीमत की चंदन की लकड़ियां मिलीं, जिसकी तस्करी की जा रही थी। पुलिस ने बताया कि बार्शी और औसा के रहने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अन्य आरोपी फरार हो गया है और उसे पकड़ने के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। चंदन की लकड़ी के उच्च मूल्य के कारण इसे वन अधिनियम के तहत संरक्षित किया गया है। चंदन की लकड़ी की कटाई और उसको ले जाने के लिए वन विभाग से अनुमति जरुरी है। इसका उपयोग चंदन का तेल निकालने के लिए किया जाता है।

### हिमाचल में 31 करोड़ की परियोजनाओं का सीएम सुक्खू ने किया उदघाटन

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोलन जिले के नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 31 करोड़ रुपए की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। सीएम सुक्खू ने क्षेत्र की प्रगति के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई और भरोसा दिलाया कि वित्तीय समस्याएं क्षेत्र के विकास में बाधा नहीं बनेंगी। सीएम सुक्खू ने मित्तियां, बेहली, खल्लर और आसपास के क्षेत्रों के गांवों के लिए 7.24 करोड़ रुपए की लागत वाली पेयजल योजना का भी उद्घाटन किया।

### जम्मू और लद्दाख में शीत लहर , सोनमर्ग, जोजिला, गुलमर्ग में अलर्ट जारी

**श्रीनगर।** जम्मू और लद्दाख के साथ कश्मीर के लोग भी शीत लहर का सामना कर रहे हैं। कई इलाकों में तापमान में गिरावट आ चुकी है। मौसम की सबसे ठंडी रातें बर्फीली होती जा रही हैं, जिसके चलते स्वास्थ्य विभाग लोगों को ठंड से बचने की हिदायतें दे रहा है। सोनमर्ग, जोजिला, गुलमर्ग, पहलगाम, श्रीनगर और अन्य स्थानों पर पारा शून्य से नीचे चला गया है यहां अलर्ट जारी किया गया है। कश्मीर में सबसे कम तापमान सोनमर्ग में 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। गुलमर्ग में 10 और पहलगाम में 9.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि कुपवाड़ा और पुलवामा जैसे क्षेत्रों में क्रमश: 3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## भारतीय सशस्त्र बलों ने मनाया विजय दिवस

# भारत सैनिकों के बलिदान नहीं भूलेगा : राजनाथ

● 13 दिनों में भारतीय सशस्त्र बलों ने रणनीतिक प्रतिभा और असाधारण बहादुरी से 93 हजार से अधिक पाकिस्तानी सैनिकों को पूरी तरह से परास्त करके अब तक का सबसे बड़ा सैन्य आत्मसमर्पण कराया



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय सशस्त्र बल सोमवार को 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारतीय सशस्त्र बलों की निर्णायक जीत का प्रतीक 'विजय दिवस' मना रहे हैं। मुख्य समारोह सेना की पूर्वी कमान ने कोलकाता के फोर्ट विलियम में मनाया। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और सेना प्रमुखों ने 1971 के युद्ध के शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देकर उनके बलिदान को सलाम किया। यह एक ऐसी जीत थी, जिसने भारत के सैन्य इतिहास को नया आकार देने के साथ ही नए राष्ट्र बांग्लादेश को जन्म दिया। केवल 13 दिनों में भारतीय सशस्त्र बलों ने रणनीतिक प्रतिभा और असाधारण बहादुरी से 93 हजार से अधिक पाकिस्तानी सैनिकों को पूरी तरह से परास्त करके अब तक का सबसे बड़ा सैन्य आत्मसमर्पण कराया। यह तिथि भारत की अपने मित्रों देशों के प्रति प्रतिबद्धता और अपने दुश्मनों के लिए एक दृढ़ चेतावनी के रूप में कार्य करती है। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की जीत के उपलक्ष्य में आर्मी हाउस में विजय दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित विजय दिवस स्वागत समारोह में भाग लिया। राष्ट्रपति ने वीर नारियों के साथ भी भावपूर्ण बातचीत की, जिसके दौरान उन्होंने राष्ट्र के लिए उनके बलिदान को सलाम किया। विजय दिवस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर हमारे वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी तथा पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि आज विजय दिवस के विशेष अवसर पर राष्ट्र भारतीय सशस्त्र बलों की बहादुरी और बलिदान को सलाम करता है। उनके अटूट साहस और देशभक्ति ने सुनिश्चित किया कि हमारा देश सुरक्षित रहे। भारत उनके बलिदान और सेवा को कभी नहीं भूलेगा। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने अमर जवान ज्योति पर पुष्पांजलि अर्पित कर 1971 के युद्ध के शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। सीडीएस ने राष्ट्र के प्रति समर्पण, संकल्प और स्थायी प्रतिबद्धता के लिए सभी सेवारत कर्मियों, दिग्गजों और वीर नारियों को भी अपनी बधाई दी।

## उत्कर्ष कोचिंग सेंटर के परिसर को किया गया सील, फैली जहरीली गैस



एजेंसी

**जयपुर।** जयपुर नगर निगम ने कोचिंग संस्थान में हुई घटना पर कार्रवाई कर उस परिसर को सील कर दिया है, जहां से उत्कर्ष कोचिंग सेंटर संचालित हो रहा था। शहर के उत्कर्ष कोचिंग में जहरीली गैस फैलने से 12 छात्राएँ बेहोश हुई थीं। जिसके बाद छात्राओं को अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं दो की हालत गंभीर हो गई, जिन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया। बता दें कि उत्कर्ष कोचिंग शहर के गोपालपुरा इलाके में चलता था। घटना के बाद पुलिस ने बताया कि कोचिंग में गैस का स्त्रोत नहीं है। वहीं जांच के दौरान ये पता चला है कि कोचिंग के पीछे वाले नाले से जहरीली गैस फैली थी, जिससे कोचिंग की 12 छात्राएं बेहोश हो गईं। जहरीली गैस से बेहोश होने वाले 12 छात्रों में से सात को सोमानी अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है, वहीं डॉक्टर ने बताया कि इनमें से दो छात्राओं की स्थिति गंभीर होने की वजह से उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया है। जबकि पांच छात्राओं का इलाज मानसरोवर स्थित मेट्रो मास अस्पताल में चल रहा है।

## दिल्ली हवाई अड्डे पर आरवीआर उपकरणों से अब कोहरे में भी सुरक्षित होगी लैंडिंग



एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली का सबसे बड़ा हवाई अड्डा जिसका संचालन जीएमआर समूह की कंपनी दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने हाल ही में कई अहम उपाय किए हैं ताकि कोहरे के मौसम में उड़ानों के संचालन में दिक्कत न आए। डायल ने एयरफील्ड का निर्माण पूरा कर लिया है जिससे उड़ान संचालन को और ज्यादा प्रभावी बनाया जा सकेगा। इसके अलावा भारत मौसम विभाग ने रनवे विजुअल रेंज (आरवीआर) उपकरणों की मरम्मत की है। ये उपकरण पायलटों को रियल-टाइम विजिबिलिटी डेटा प्रदान करते हैं जिससे कोहरे में विमान की सुरक्षित लैंडिंग करा सकें। जर्मन हैंगर भी स्थापित किए गए हैं ताकि कोहरे की वजह से घंटों तक विमान में फंसे यात्रियों को आराम दिया जा सके। केंद्र सरकार के विमानन सचिव ने 18 नवंबर को डायल के अधिकारियों के साथ बैठक की थी जिसमें उन्होंने डायल से कहा कि इस साल 14 जनवरी के दिन कोहरे के कारण कितनी उड़ानों को डायवर्ट किया गया और किस वजह से जमीन पर खड़े विमान हुए इस पर आंकड़े तैयार किए जाएं। पिछले साल 14 जनवरी को घने कोहरे की वजह से कई उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा था और उड़ानों में भी देरी हुई थी।

### अब जेल में होगा जेपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट, कैदी लगाएंगे छक्के-चौके

**नोएडा।** यूपी के नोएडा के लुक्सर जेल में कैदियों को डिप्रेशन से बाहर निकालने के लिए जेल प्रशासन ने कैदियों के लिए जेल प्रीमियर लीग का आयोजन किया जाएगा यह जेल परिसर में ही खिलाया जाएगा, जिसकी शुरूआत अगले साल जनवरी से की जाएगी। इस प्रतियोगिता में जेल में बंद कैदियों को 20-20 ओवर के साथ क्रिकेट मैच में अपना टेलेंट दिखाने का मौका मिलेगा। जेल प्रीमियर लीग का आयोजन पहले दिसंबर में होने वाला था लेकिन जेल में बंद कैदियों में किसानों की संख्या होने की वजह से इसे आगे बढ़ा दिया गया क्योंकि अभी किसानों से उनके परिवार वालों से लेकर राजनीतिक पार्टी के लोग और कई संगठनों के लोग उनसे मिलने पहुंच रहे हैं।

## अमेरिका के व्हाइट हाउस में गूंजी आवाज- वाह उस्ताद वाह.. पहली बार मिले थे 5 रुपए



● केवल 12 साल की उम्र में ही वह अमेरिका में पहला कन्सर्ट करने पहुंच गया थे

एजेंसी

**मुंबई।** मशहूर तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन अब हमारे बीच नहीं हैं। उनकी तबले की थाप और उनकी यादें हमारे बीच हैं। मशहूर पंजाब घराने के उस्ताद जाकिर 11 साल की उम्र में ही उंगलियां तबले पर यूं मचलने लगी थीं कि लोग उनके वादन के दीवाने हो जाते थे। केवल 12 साल की उम्र में ही वह अमेरिका में पहला कन्सर्ट करने पहुंच गया थे। जहां उनका परफॉर्म देखकर चौतरफा आवाजें आना शुरू हो गईं। वाह उस्ताद वाह तब उन्हे मिले थे मात्र 5 रुपए। 12 साल की उम्र में ही उस्ताद जाकिर हुसैन ने अमेरिका जाकर परफॉर्म किया था। बताया जाता है कि ट्रेन में सफर के दौरान जब उन्हें सीट नहीं मिलती थी तब तबले को गोद में रखकर फर्श पर भी सो जाया करते थे। लेकिन तबले को फर्श पर नहीं रखते थे। 2026 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने उन्हें ऑल स्टार ग्लोबल कॉन्सर्ड में भाग लेने के लिए वाइट हाउस में आमंत्रित किया था। वह पहले भारतीय संगीतकार थे जिन्हें यह आमंत्रण मिला था। उस्ताद जाकिर हुसैन महान तबलावादक के अलावा एक्टर भी थे। उन्होंने 12 फिल्मों में काम किया। 1993 में रिलीज हुई ब्रिटिश फिल्म हीट एंड डस्ट से उन्होंने एक्टिंग की शुरूआत की थी। इस फिल्म में एक्टर शशि कपूर भी थे। 1998 में उन्होंने साज फिल्म में काम किया।

## नेपाल सरकार ने ईसाई मिशनरी से जुड़े 23 आईएनजीओ के लिए 600 करोड़ मंजूर किए

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल सरकार के समाज कल्याण परिषद ने ईसाई धर्म से जुड़े 23 अंतरराष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठनों को विभिन्न कार्यक्रम चलाने के लिए 600 करोड़ रुपये से अधिक बजट को मंजूरी दे दी है। नेपाल में सक्रिय अंतरराष्ट्रीय एनजीओ अपने बजट को समाज कल्याण परिषद से अनुमोदित होने के बाद ही खर्च कर सकते हैं। इस समय 135 आईएनजीओ समाज कल्याण परिषद में पंजीकृत है। इनमें से ईसाई मिशनरी से जुड़े 23 आईएनजीओ ने चालू वित्तीय वर्ष में नेपाल में 225 करोड़ रुपये विदेशी दाताओं से बजट भी मंगवा लिया है। समाज कल्याण परिषद के मुताबिक ईसाई आईएनजीओ ने इस साल नेपाल में 603 करोड़ रुपये खर्च करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों को मंजूरी दी है। ये सारा पैसा नेपाल की बजट व्यवस्था के बाहर से खर्च किया जाएगा। इस विषय पर समाज कल्याण मंत्री नवल किशोर साह ने कहा कि नेपाल के संविधान में किसी भी प्रकार के प्रलोभन में धर्मांतरण कराने को गैर कानूनी घोषित किया गया है, इसलिए धार्मिक आधार पर यह स्वीकृति नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि विभिन्न सामाजिक गतिविधियों और जीवन स्तर को सुधारने के लिए किसी भी आईएनजीओ को विदेश से पैसा लाने की स्वीकृति दी जाती है।

## एक दिन में 159 शिकायतों का निपटारा

● एक दिन में 159 शिकायतों का निपटारा करके नया कीर्तिमान स्थापित किया



**नई दिल्ली।** डीसीपी प्रशांत गौतम के नेतृत्व में जिला पुलिस शाहदरा ने एक दिन में 159 शिकायतों का निपटारा करके नया कीर्तिमान स्थापित किया,सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों की भारी प्रतिक्रिया देखी गई, जिसमें कुल 159 शिकायतकर्ता अपनी शिकायत दर्ज कराने आए। एसीपी/एसडीपीओ की निगरानी में की गई सक्रिय पहल के परिणामस्वरूप सभी 159 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया, जो जन सेवा और त्वरित न्याय वितरण के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता को दर्शाता है,डीसीपी शाहदरा प्रशांत गौतम ने जनता के प्रति उनके विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया और नागरिक कल्याण को प्राथमिकता देते हुए कानून और व्यवस्था बनाए रखने के प्रति जिले के समर्पण को दोहराया। शाहदरा पुलिस सभी के लिए न्याय सुनिश्चित करने में विश्वसनीयता और दक्षता के स्तंभ के रूप में खड़ी है।

## भारत में बुलेट ट्रेन की शुरूआत को लेकर उत्साह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत में बुलेट ट्रेन का सपना अब जल्द ही हकीकत बनने जा रहा है। रेलवे सेक्टर में बुलेट ट्रेन की शुरूआत को लेकर भारी उत्साह है। भारतीय रेलवे का लक्ष्य है कि इसे 2026 तक शुरू कर दिया जाए। जापान के सहयोग से मुंबई और अहमदाबाद के बीच पहली बुलेट ट्रेन परियोजना अपने अंतिम चरण में है। इन बुलेट ट्रेन परियोजनाओं से न केवल यात्रा का समय घटेगा, बल्कि भारतीय रेलवे का इंफ्रास्ट्रक्चर भी अत्याधुनिक होगा, जो देश को एक नई गति देगा। यह बुलेट ट्रेन भारत के रेलवे नेटवर्क का पहला प्रयास नहीं है, क्योंकि सरकार ने अन्य प्रमुख शहरों के बीच बुलेट ट्रेन चलाने की योजनाओं पर भी काम करना शुरू कर दिया है। मुंबई से अहमदाबाद के बीच चलने वाली बुलेट ट्रेन की अधिकतम गति 320 किलोमीटर प्रति घंटे होगी, जिससे भारत में परिवहन की गति में बड़ा बदलाव आएगा। इसके अलावा, सरकार ने दिल्ली से वाराणसी तक बुलेट ट्रेन चलाने की योजना बनाई है, जिससे 852 किलोमीटर की यह दूरी महज ढाई घंटे में पूरी की जा सकेगी, जबकि अभी इस यात्रा में लगभग 12 घंटे का समय लगता है। दिल्ली और अहमदाबाद के बीच तीसरी बुलेट ट्रेन परियोजना का प्रस्ताव है, जिसमें दोनों शहरों के बीच की 971 किलोमीटर की दूरी को 3 घंटे में पूरा किया जा सकेगा, जबकि अब इसमें 16 घंटे से अधिक का समय लगता है।

## दक्षिण कोरिया में महाभियोग पर महासंग्राम सत्तारूढ़ पार्टी के नेता हून का इस्तीफा




एजेंसी

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में राष्ट्रपति यून सुक येओल के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पारित होने के बाद महासंग्राम मचा हुआ है। सत्तारूढ़ पीपुल्स पावर पार्टी (पीपीपी) में आंतरिक संघर्ष तेज हो गया है। इस सबके बीच पीपीपी प्रमुख हान डोंग-हून ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति येओल पुलिस के सवालों का जवाब देने से कतरा रहे है। राष्ट्रपति कार्यालय और उनके आवास ने समन देने गए पुलिस अधिकारियों को खाली हाथ लौटा दिया। द कोरिया टाइम्स समाचार पत्र के अनुसार, येओल के खिलाफ शनिवार को नेशनल असेंबली में महाभियोग प्रस्ताव पारित हो चुका है। पीपीपी नेता हान डोंग-हून ने सोमवार को कहा कि आंतरिक संघर्ष के बीच अपना पद छोड़ रहे हैं। बताया गया है कि 12 पीपीपी सांसदों ने संभवतः अपनी पार्टी लाइन से हटकर विपक्षी दलों के महाभियोग प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। हून ने कहा, मैं पीपुल्स पावर पार्टी के नेता के रूप में पद छोड़ रहा हूं। पार्टी की सर्वोच्च परिषद के पतन के कारण पार्टी प्रमुख के रूप में मेरे कर्तव्यों का पालन करना असंभव हो गया है। हान ने मार्शल लॉ की अल्पकालिक घोषणा के बाद हुई अराजकता के लिए माफी मांगते हुए कहा कि उन्हें महाभियोग का समर्थन करने के अपने फैसले पर कोई पछतावा नहीं है।

## इस्लामिक स्टेट सीरिया में जड़े जमाने की कोशिश में, हमला कर 88 लोगों की जान ली



एजेंसी

**दमिश्क।** सीरिया में राष्ट्रपति बशर अल-असद शासन के पतन के बाद आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) जड़े जमाने की कोशिश कर रहा है। इस्लामिक स्टेट ने पूर्वोत्तर सीरिया में गतिविधियां तेज कर दी है। आतंकी समूह के हमले में कम से कम 88 लोग मारे गए हैं। अरबी न्यूज बेवसाइट '+963' के अनुसार, सैन्य सूत्रों ने रविवार को कहा कि मौजूदा स्थिति का फायदा उठाते हुए आईएसआईएस ने पूर्वोत्तर सीरिया के इलाकों में अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं। आतंकी संगठन ने पिछले दिनों इस क्षेत्र में कई हमले किए। इन हमलों केवल 24 घंटों में 88 लोग मारे गए और अन्य घायल हो गए। बहुत से लोग लापता हैं। साथ ही आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट अब अपने लड़ाकों को फिर सक्रिय कर रहा है। वह अराजकता और विभिन्न दलों के बीच चल रहे संघर्षों का फायदा उठाने की रणनीति पर काम कर रहा है। आईएसआईएस ने अपने कुछ महत्वपूर्ण सामरिक ठिकानों का पुनर्निर्माण किया है। '+963' की खबर के अनुसार सीरिया के भविष्य को लेकर जॉर्डन के अकाबा में अरब मंत्रिस्तरीय शिखर सम्मेलन में इस विषय (कुछ आतंकी समूहों की बढ़ती गतिविधियों) पर चर्चा की गई। आधिकारिक बयानों में सीरिया की एकता को बरकरार रखने वाले एक आधुनिक लोकतांत्रिक राज्य के निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया गया। बैठक में अमीरात, बहरीन और कतर के मंत्रियों और अरब राज्यों के लीग के महासचिव के अलावा जॉर्डन, सऊदी अरब, इराक, लेबनान और मिस्र के विदेशमंत्रियों ने हिस्सा लिया। इस बीच विद्रोहियों के नेता और सीरिया में संयुक्त संचालन कमान के कमांडर अहमद अल-शरा उर्फ अबू मोहम्मद अल-जुलानी ने कहा कि कुर्द मातृभूमि का एक अनिवार्य हिस्सा हैं।

**सबार्नंद सोनोवाल ने जहाजों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना , कोलकाता से पटना, वाराणसी और पांडु तक कार्गो जहाजों की निश्चित अनुसूचित सेवा शुरू**

# जलवाहक योजना जलमार्गों को कार्गो परिवहन के लिए प्रोत्साहित करती है

● योजनाओं का उद्देश्य 95.4 करोड़ के निवेश के साथ 800 मिलियन टन किलोमीटर के मॉडल शिफ्ट को प्रोत्साहित करना है



एजेंसी

**कोलकाता।** केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री (एमओपीएसडब्ल्यू) सबार्नंद सोनोवाल ने आज यहां राष्ट्रीय जलमार्ग 1 (गंगा नदी) के साथ-साथ राष्ट्रीय जलमार्ग 2 (ब्रह्मपुत्र नदी) और राष्ट्रीय जलमार्ग 16 (बराक नदी) के माध्यम से लंबी दूरी के कार्गो के परिवहन को प्रोत्साहित करने के लिए कार्गो प्रोत्साहन की एक महत्वपूर्ण नीति जलवाहक का अनावरण किया। केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने आज यहां जीआर जेट्टी से एमवी एएआई, एमवी होमी भाभा और एमवी त्रिशूल के साथ दो डंब बार्ज अजय और दीखू को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे एनडब्ल्यू 1 और एनडब्ल्यू 2 के लिए हल्दिया से निर्धारित कार्गो जहाज सेवा की शुरूआत हो गई। निर्धारित दिन की निर्धारित नौकायन सेवा एनडब्ल्यू 1 के कोलकाता-पटना-वाराणसी-पटना-कोलकाता खंड और एनडब्ल्यू 2 के कोलकाता और गुवाहाटी के पांडु के बीच इंडो बांग्लादेश प्रोटोकॉल रूट (आईबीपीआर) के माध्यम से चलेगी। केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर और उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह भी इस महत्वपूर्ण अवसर पर शामिल हुए। इस अवसर पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में सरकार ने हमारे समृद्ध आंतरिक जलमार्गों के विशाल संभावनाओं को साकार करने के लिए एक समेकित प्रयास किया है। आर्थिक, पर्यावरणीय और कुशल परिवहन के रूप में जलमार्गों का लाभ उठाकर, हम रेल और सड़क यातायात को कम करने के लिए जलमार्गों के माध्यम से कार्गो परिवहन को बढ़ावा देना चाहते हैं। जलवाहक योजना एनडब्ल्यू1, एनडब्ल्यू2 और एनडब्ल्यू16 पर लंबी दूरी के कार्गो को प्रोत्साहित करती है और व्यापारिक हितों के लिए जलमार्गों के माध्यम से कार्गो परिवहन की संभावनाओं का पता लगाने का एक शानदार आर्थिक मूल्य प्रस्ताव प्रदान करती है। आगे, कोलकाता से शुरू हुई नियमित निर्धारित माल सेवा यह सुनिश्चित करेगी कि कार्गो एक निश्चित समय सीमा के भीतर परिवहन और वितरण किया जाए। इससे हमारे उपयोगकर्ताओं के बीच राष्ट्रीय जलमार्गों की नियमित कार्गो परिवहन के लिए तैयारी के बारे में विश्वास उत्पन्न होगा, जो एक कुशल, आर्थिक और पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदार परिवहन मोड है। हमारे जहाज संचालकों को इस प्रोत्साहन योजना के साथ सशक्त बनाकर और हमारे व्यवसायों को सुरक्षित और समय पर कार्गो वितरण के साथ प्रोत्साहित करके, यह प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के परिवहन के माध्यम से परिवर्तन के दृष्टिकोण को सार्थक रूप से जोड़ता है क्योंकि भारत विकसित भारत बनने की ओर बढ़ रहा है।

## खास खबर

### भारतीय कंपनियों की नवंबर 2024 तक क्यूआईपी से जुटाई राशि रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली।** क्यूआईपी से धन जुटाने के मामले में 2024 में नया रिकॉर्ड किया गया, जो बाजार की स्थिति को मजबूत करता है। पिछले साल तुलना में इस साल भारतीय कंपनियों ने क्यूआईपी के माध्यम से दो गुना से अधिक धन जुटाया है। नवंबर तक भारतीय कंपनियों ने एक लाख करोड़ रुपये से अधिक को जुटाया, जो पिछले वर्ष के 52,350 करोड़ रुपये से कहीं ज्यादा है। विश्लेषकों का मानना है कि इस वृद्धि का मुख्य कारण बाजार की मजबूती है जो कंपनियों को क्यूआईपी के माध्यम से उचित मूल्यांकन करने के लिए प्रेरित करती है। कंपनियों में से 82 ने नवंबर तक क्यूआईपी का इस्तेमाल करके पूंजी बाजार में प्रवेश किया है।

### जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने 20 गीगावाट उत्पादन क्षमता हासिल की

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने वाणिज्यिक और औद्योगिक बिजली बाजार में कई नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं हासिल की हैं। इससे उसकी कुल उत्पादन क्षमता 20 गीगावाट हो गई है। जेएसडब्ल्यू एनर्जी के अनुसार कंपनी की अक्षय ऊर्जा वाणिज्यिक तथा औद्योगिक (सीएंडआई) क्षमता 3.1 गीगावाट है, जिसमें 2,654 मेगावाट जेएसडब्ल्यू समूह की निजी क्षमता और 445 मेगावाट तीसरे पक्ष की सीएंडआई क्षमता शामिल है। कंपनी की परिचालन सीएंडआई क्षमता भी 488 मेगावाट है। जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने डीसीएम श्रीराम लिमिटेड और इंडस टावर्स लिमिटेड के साथ बिजली खरीद समझौते (पीपीए) किए हैं।

### स्टरलाइट पावर ने जीईएफ कैपिटल, इनाम होल्डिंग्स से 725 करोड़ जुटाए

**नई दिल्ली।** स्टरलाइट पावर ने जीईएफ कैपिटल पार्टनर्स और इनाम होल्डिंग्स से 725 करोड़ रुपये जुटाकर पहला वित्तीय पोषण दौर पूरा किया। कंपनी ने बताया कि इस धन का प्रमुख उद्देश्य उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाना, नए उत्पाद विकसित करना और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में पहुंचने के लिए रणनीतिक विकास को बढ़ावा देना है। स्टरलाइट पावर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस धन संग्रह को कंपनी के जीपीएस व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह राशि हासिल करना स्टरलाइट पावर के जीपीएस व्यापार के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। कंपनी ने बताया कि यह वित्तीय संकुल के उपयोग से उत्पादन क्षमताओं को मजबूत बनाने और नए उत्पादों का विकसित करने में मदद मिलेगी।

### रुपया तीन पैसे गिरकर 84.83 डॉलर

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में नरम रुख और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच रुपया सोमवार को शुरूआती कारोबार में तीन पैसे की गिरावट के साथ 84.83 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि आयातकों और विदेशी बैंकों की ओर से डॉलर की बढ़ती मांग के कारण रुपया कमजोर बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.83 प्रति डॉलर पर खुला, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले तीन पैसे की गिरावट दर्शाता है।

### भारत ने चीन से खिलौनों का आयात 80 फीसदी कम किया

**नई दिल्ली।** केवल चार वर्षों में ही भारत ने चीन से खिलौनों के आयात में 80 फीसदी की कटौती कर ली है जो एक ऐसा देश है जो लंबे समय से वैश्विक बाजार पर हावी रहा है। हाई टैरिफ और सख्त गुणवत्ता जांच के मिश्रण ने इसमें मदद की। केंद्र सरकार के वोकल फॉर लोकल कैंपेन का असर भारतीय खिलौना बाजार पर साफ दिखने लगा है। इस अभियान के चलते भारत की खिलौने के आयात में चीन पर निर्भरता में भारी कमी आई है। वित्त वर्ष 2020 में भारत ने 23.5 करोड़ डॉलर के चीनी खिलौने आयात किए थे जो अब घटकर वित्त वर्ष 2024 में 4.1 करोड़ डॉलर तक रह गए हैं। यह दिखाता है कि भारत अब खिलौनों के आयातक देश से निर्यातक देश बन चुका है। भारत में बने खिलौनों की मांग दुनियाभर में बढ़ रही है।

## बिटकॉइन ने बनाया नया रिकॉर्ड

# पहली बार 106,000 डॉलर के पार

- गूगल को पछाड़ने में केवल 10 फीसदी दूर
- साल में बिटकॉइन की कीमत और बढ़ सकती है और 2025 तक 2,00,000 डॉलर तक पहुंच सकती है
- सार्थक निर्णय और सबसे नवाचारी समयों में क्रिप्टोकरेंसी बाजार अपने विकास की ओर बढ़ रहा है



एजेंसी

**मुंबई।** बिटकॉइन की तेजी से बढ़ती कीमतों ने विश्व के ध्यान को आकर्षित किया है, जिसका परिणाम यह हुआ कि यह सबसे पुरानी और सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बन गई है। वर्तमान में बिटकॉइन की कीमत ने 1,06,000 डॉलर का पार कर दिया है, जो भारतीय करेंसी के हिसाब से लगभग 90 लाख रुपए के बराबर है। इसके साथ ही बिटकॉइन का मार्केट कैप अब 2.1 ट्रिलियन डॉलर हो गया है, जो गूगल को पछाड़ने में केवल 10 फीसदी की दूरी बची है। विशेषज्ञों का मानना है कि नए साल में बिटकॉइन की कीमत और बढ़ सकती है और 2025 तक 2,00,000 डॉलर तक पहुंच सकती है। इसके साथ ही डोनाल्ड ट्रंप का एक बयान भी बिटकॉइन की कीमतों में तेजी का कारण बन गया है। ट्रंप ने बिटकॉइन को ऑयल रिजर्व की तरह देश में एक रिजर्व के रूप में बचाने की योजना बनाई है। इसके अतिरिक्त अन्य क्रिप्टोकरेंसीज की कीमतें भी बढ़ी हैं, जैसे कि ईथेरियम ने करीब 3 फीसदी की तेजी के साथ 4,014 डॉलर पर पहुंच गई है। उच्च मान्यता वाले विशेषज्ञ का मानना है कि 2025 तक बिटकॉइन की कीमत 200,000 डॉलर तक पहुंच सकती है। इस धरातल पर 5 दिसंबर को बिटकॉइन की कीमत पहली बार 100,000 डॉलर के पार पहुंची थी। सार्थक निर्णय और सबसे नवाचारी समयों में क्रिप्टोकरेंसी बाजार अपने विकास की ओर बढ़ रहा है, जिससे न तो सिर्फ एक संकेतिक मूल्यांकन होगा बल्कि यह एक अत्यधिक उत्साही नया पूल भी तैयार करेगा।

## धनलक्ष्मी क्रॉप की स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री



एजेंसी

**नई दिल्ली।** चना, कपास और गेहूं जैसी कई फसलों की हाई क्वालिटी बीज तैयार करने वाली कंपनी धनलक्ष्मी क्रॉप साइंस के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री की। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 55 रुपये के भाव पर जारी हुए थे। आज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 104.50 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के तुरंत बाद खरीदारी के सपोर्ट से कंपनी के शेयर 109.70 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गए। इस तरह पहले दिन ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों का पैसा लगभग डबल हो गया। धनलक्ष्मी क्रॉप साइंस का 23.80 करोड़ रुपये का आईपीओ 9 से 11 दिसंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिला था, जिससे ये ओवरऑल 555.83 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन में 197.65 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन 1,241.27 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन में 441.18 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 43.28 नए शेयर जारी किए गए हैं।

## नीता अंबानी ने मुंबई इंडियंस की नई महिला टीम का किया स्वागत




एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस की मालकिन नीता एम. अंबानी ने WPL 2025 के लिए मुंबई इंडियंस की नई महिला टीम बनने पर संतोष जताया है। रविवार को बेंगलुरु में नीलामी के बाद नीता अंबानी ने कहा, आज हमने जो टीम बनाई है, उससे हम सभी बहुत खुश और संतुष्ट हैं। मुझे कमलिनी, नादिन डी क्लार्क, संस्कृति गुप्ता और अक्षिता माहेश्वरी के मुंबई इंडियंस परिवार का हिस्सा बन जाने पर गर्व है। चार नए खिलाड़ी जिन्हें मुंबई इंडियंस में शामिल किया गया है, उनमें तमिलनाडु की 16 वर्षीय कमलिनी अंडर 19 एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका की ऑलराउंडर नादिन डी क्लार्क, मध्य प्रदेश की ऑलराउंडर संस्कृति गुप्ता और राजस्थान की तेज गेंदबाज अक्षिता माहेश्वरी को शामिल हैं। नीता अंबानी ने एक संदेश में चारों नए खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा, हम मुंबई इंडियंस परिवार में आपका हार्दिक स्वागत करते हैं। मुंबई इंडियंस हमेशा युवा प्रतिभाओं की खोज और विकास करने की कोशिश करता रहा है। पिछले साल, हमने नीलामी में सजाना को चुना था। उसे टीम इंडिया के लिए खेलते देखना अद्भुत है। मुंबई इंडियंस ने जी कमलिनी को भी टीम में शामिल करने में कामयाबी हासिल की है। कमलिनी को मुंबई इंडियंस में शामिल करते हुए श्रीमती अंबानी ने कहा, इस साल हम 16 वर्षीय कमलिनी को लेकर बहुत उत्साहित हैं। पिछले कुछ समय से हम उनके खेल पर नजर रख रहे थे और वह एक बहुत ही रोमांचक नई प्रतिभा है।

## जेके सीमेंट ने बिहार में भूमि पूजन समारोह के साथ अपने विस्तार में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया

एजेंसी

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के बक्सर में अपनी नई ग्रे सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट के लिए भूमि पूजन समारोह के साथ जेके सीमेंट ने अपने विस्तार में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया है। यह विस्तार पूर्वी भारत में अपनी स्थिति मजबूत करने और क्षेत्र के बुनियादी ढांचे और आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए कंपनी की रणनीतिक पहल का हिस्सा है। इसकी आधारशिला जेके सीमेंट लिमिटेड के उपाध्यक्ष डॉ. निधिपति सिंघानिया, जेके




सीमेंट लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक और सीईओ माधवकृष्ण सिंघानिया और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने रखी। नई ग्राइंडिंग यूनिट के जुड़ने पर टिप्पणी करते हुए जेके सीमेंट के प्रबंध निदेशक डॉ. राघवपत सिंघानिया ने कहा, हमें विश्वास है कि हमारी उन्नत विनिर्माण क्षमताएं और गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता स्थानीय बाजार की जरूरतों को पूरा करेगी। बक्सर यूनिट की प्रस्तावित क्षमता 3.00 एमटीपीए है और इससे कंपनी अगले साल तक 30 एमटीपीए की उत्पादन क्षमता को पार करने की योजना बना रही है। इस परियोजना पर 500 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जाएगा।

## श्रीमद् रामायण लव कुश के भावनात्मक क्षण दिखेंगे



एजेंसी

**मुंबई।** सोनी सब के श्रीमद् रामायण.के एपिसोड में नाटकीय मोड़ देखा, जब श्री राम और सीता के बेटे लव और कुश एक भयंकर युद्ध में विजयी हुए। उन्होंने शक्तिशाली सुग्रीव और भरत को हराया, जिससे सभी दंग रह गए। आगामी एपिसोड में दर्शक एक बहुत ही भावनात्मक क्षण देखेंगे जब श्री राम युद्ध के मैदान में अपने जुड़वां बेटों, लव और कुश से सामने आते हैं। उनकी असली पहचान से अनजान श्री राम को उनके खिलाफ खड़े योद्धाओं के रूप में उनका सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिससे एक शक्तिशाली संघर्ष होता है। यह सामना केवल एक शारीरिक लड़ाई नहीं है, बल्कि एक भावनात्मक लड़ाई है, क्योंकि श्री राम अनजाने में अपने बच्चों से लड़ने के दर्द से जूझते हैं। इस बीच लव और कुश दृढ़ संकल्प के साथ न्याय के लिए लड़ते हुए दृढ़ रहते हैं। इस एपिसोड में संघर्ष के पीछे दिल टूटने, तनाव और प्यार को दिखाया जाएगा, जिससे दर्शक प्रत्येक किरदार की ओर से किए जाने वाले त्याग और उनके लिए फैसले से प्रभावित होंगे।

## नई इलेक्ट्रिक एसयूवी जीप एवेंजर ईवी लांच

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जीप कंपनी ने अपनी नई इलेक्ट्रिक एसयूवी जीप एवेंजर ईवी लॉन्च कर दी है। जीप एवेंजर ईवी का डिजाइन परंपरागत जीप की मजबूत शैली को आधुनिकता के साथ जोड़ता है। यह वाहन अपनी शानदार डिजाइन, दमदार परफॉर्मेंस, और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार तकनीक के कारण एक गेम-चेंजर साबित होने की पूरी क्षमता रखता है। इसकी एयरोडायनामिक बॉडी, एलईडी लाइटिंग, और स्लिम फ्रंट ग्रिल इसे एक फ्यूचरिस्टिक लुक देते हैं। साथ ही, इसका कॉम्पैक्ट लेकिन स्पेशियस डिजाइन इसे शहरी परिवेश और ऑफ-रोडिंग दोनों के लिए उपयुक्त बनाता है। परफॉर्मेंस के मामले में यह एसयूवी अपनी श्रेणी में उत्कृष्ट है। इसमें 54 केडब्ल्यूएच का शक्तिशाली बैटरी पैक दिया गया है, जो एक बार चार्ज करने पर 400 किलोमीटर की रेंज प्रदान करता है। इसकी मोटर 154 बीएचपी की पावर और 260 एनएम का टॉर्क जनरेट



में बेहतर प्रदर्शन करती है, जिससे यह कठिन से कठिन रास्तों पर भी सहजता से चलने में सक्षम है। जीप का प्रसिद्ध ऑल-व्हील ड्राइव सिस्टम इसमें इलेक्ट्रिक वर्जन में शामिल है, जो इसे किसी भी भौगोलिक परिस्थिति में बेहतर प्रदर्शन देने में मदद करता है। तकनीकी दृष्टिकोण से, जीप एवेंजर ईवी एक अत्याधुनिक वाहन है। इसमें डिजिटल इंफोटेनमेंट सिस्टम, एआई आधारित नेविगेशन, और एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम जैसी सुविधाएं शामिल हैं। साथ ही, ओवर-द-एयर अपडेट्स की सुविधा इसे लंबे समय तक अपग्रेडेड और उपयोगी बनाए रखती है। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी यह वाहन एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करता है। इसका प्राथमिक उद्देश्य कार्बन उत्सर्जन को कम करना है। इसके निर्माण और संचालन में पर्यावरण के अनुकूल प्रक्रियाओं का उपयोग किया गया है।

### अल्ट्राटेक ने आपूर्ति श्रृंखला के लिए अंतर्देशीय जलमार्गों का उठाया लाभ

**कोलकाता।** अल्ट्राटेक सीमेंट ने राष्ट्रीय जलमार्ग 1 का उपयोग करके वाणिज्यिक जिप्सम परिवहन में क्रांति ला दी है। यह भारतीय कंपनी की पहली बड़ी उपलब्धि है जो इस जलमार्ग का इस्तेमाल करेगी। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने पश्चिम बंगाल के हल्दिया से बिहार की पटना तक काम करने वाली पायलट खेप को हरी झंडी दिखाई। यह कदम अल्ट्राटेक की जलवाहक योजना की पहल के रूप में आया है, जिसने जलमार्ग पर माल परिवहन को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई है।

## आनंद राठी शेयर व स्टॉक ब्रोकर्स ने आईपीओ के लिए सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया




एजेंसी

**मुंबई/नई दिल्ली।** आनंद राठी समूह की ब्रोकरेज शाखा आनंद राठी शेयर और स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड कंपनी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है।यह समूह इस आईपीओ के जरिए 745 करोड़ रुपये जुटाना चाहता है। सेबी के समक्ष जमा दस्तावेज के अनुसार आनंद राठी समूह की ब्रोकरेज इकाई आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स कंपनी नए निर्गम से प्राप्त 550 करोड़ रुपये की राशि का उपयोग दीर्घकालिक कार्यशील पूंजी को आवश्यकताओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करेगी। कंपनी के इक्विटी शेयरों को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स का 5 रुपये के अंकित मूल्य वाला यह आईपीओ पूरी तरह से 745 करोड़ रुपये तक के शेयरों का नया निर्गम है। कंपनी के इस प्रस्ताव में पात्र कर्मचारियों द्वारा सदस्यता के लिए आरक्षण शामिल है। यह इश्यू बुक-बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से जारी किया जा रहा है, जिसमें शुद्ध इश्यू का 50 फीसदी से अधिक योग्य संस्थागत खरीदारों को आवंटित नहीं किया जाता है।

### एचसीसीबी ने की झारखंड में बॉटलिंग कामकाज के हस्तांतरण की घोषणा

**रांची।** एचसीसीबी ने झारखंड में अपने मौजूदा बॉटलिंग कामकाज के हस्तांतरण की घोषणा की, जिसे अभी हिन्दुस्तान कोका-कोला बेवरेजेस प्रा. लि. (एचसीसीबी) द्वारा संचालित किया जा रहा है, जो द कोका-कोला कंपनी की सब्सिडिएरी हैं अब से झारखण्ड का बिजनेस मून बेवरेजेस प्रा. लि. के पास होगा और यही इसका मालिक होगा और कारोबार का संचालन करेगा। मून बेवरेजेस प्रा. लि. अभी दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश के भागों, पूर्वोत्तर बाजार तथा पश्चिम बंगाल के चुनिंदा क्षेत्रों में परिचालन कर रही है। एचसीसीबी इंडिया के सीईओ जुआन पाबलो रोड्रिग्ज ने कहा कि यह कारोबारी हस्तांतरण कोका-कोला बेवरेजेस के लिये एक महत्वपूर्ण फैसला है।

## विश्व सर्वभाषा कवि सम्मेलन में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी डॉ. ममता मनीष सिन्हा

**रांची।** झारखंड की प्रसिद्ध कवयित्री डॉ. ममता मनीष सिन्हा को प्रसार भारती आकाशवाणी दिल्ली द्वारा आयोजित विश्व के सबसे बड़े सर्वभाषा कवि सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है। यह कार्यक्रम 18 दिसंबर से 19 दिसंबर 2024 तक आकाशवाणी मुंबई, महाराष्ट्र में आयोजित होगा। डॉ. ममता मनीष सिन्हा का चयन संथाली भाषा की अनुवादिका के रूप में हुआ है। उल्लेखनीय है कि 21 भाषाओं के चयनित कवियों द्वारा कविताओं का हिंदी अनुवाद प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम अधिकारी, रामावतार बैरवा ने



बताया कि डॉ. ममता मनीष सिन्हा का चयन उनकी उत्कृष्ट साहित्यिक प्रतिभा और संथाली भाषा पर उनकी गहरी पकड़ को देखते हुए किया गया है। डॉ. ममता न केवल एक प्रतिष्ठित कवयित्री हैं, बल्कि कुशल मंच संचालिका और सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं। वह कौशल विकास परियोजना अन्तर्गत गुगन नीटवेयर प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से झारखंड की ग्रामीण महिलाओं को रोजगार प्रशिक्षण प्रदान करने के क्षेत्र में काम कर रही हैं। इसके अलावा, वह महिलाओं और दिव्यांगजनों की शिक्षा, सुरक्षा और रोजगार जैसे मुद्दों के समाधान हेतु विभिन्न क्षेत्रीय एनजीओ के साथ सक्रिय रूप से जुड़ी हुई हैं। डॉ. ममता मनीष सिन्हा ने कहा कि झारखंड का विश्व पटल पर प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए गर्व की बात है। यह अवसर मेरे राज्य के साहित्य और संस्कृति को नई पहचान देगा।

## मंदाकिनी, सुधा चंद्रन, अर्शी खान सहित कई हस्तियां 12वें टाइफा अवार्ड से सम्मानित

**मुम्बई।** राज कपूर की फिल्म राम तेरी गंगा मैली' की क्ट्रेस मंदाकिनी, निर्देशक अकबर खान, अभिनेत्री सुधा चंद्रन, बिग बॉस फेम अर्शी खान, हेमा शर्मा सहित कई हस्तियों की उपस्थिति में परवाज मीडिया ग्रुप के शमीम ए खान द्वारा 12वें टाइफा अवार्ड (द इंडियन आइकॉन फिल्म अवार्ड) 2024 का भव्य आयोजन मुम्बई के आर्किड होटल में सम्पन्न हुआ, जहां फिल्म व टीवी जगत की ढेर सारी हस्तियां मौजूद रहीं। गेस्ट ऑफ ऑनर केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले थे। इस पुरुस्कार से सिनेमा में 50 साल पूरे करने पर रजा मुराद, लिजेंड्री क्टर प्रोड्यूसर डायरेक्टर अकबर खान, लिजेंड्री क्ट्रेस मंदाकिनी, लिजेंड्री क्टर दीपक पराशर, सुधा चंद्रन, वकार शेख (साइलेन्स 2 में बेस्ट सपोर्टिंग क्टर), आदि ईरानी, मधुश्री





भट्टाचार्य (द क्वीन ऑफ स्वीट वाइस), अर्शी खान (बेस्ट एंटरटेनर), डॉली तोमर (बेस्ट एक्ट्रेस फिल्म प्यारी तरावली, मिनी बंसल (फिल्म रुसलान), सय्यद सलीम जैदी (भाभी जी घर पे हैं), हेमा शर्मा (बिग बॉस), राज आशु (बेस्ट म्युजिक डायरेक्टर), मुदस्सर खान (बेस्ट कोरियोग्राफर), मोहम्मद नाजिम (पॉपुलर टीवी एक्टर), संतोष पांडेय (भोजपुरी स्टार) इत्यादि को सम्मानित किया गया। सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ईशान मसीह, सुनील पाल को भी अवार्ड मिला। मंजरी सिंह, शहजाद खान, रूपेश मिश्रा, डॉ मोहम्मद खान, इंफ्लुएंसर मनीष को भी पुरुस्कृत किया गया। शमीम ए खान के पुत्र तबरेज खान भी यहां मौजूद रहे। ब्राइट आउटडोर मीडिया के योगेश लखानी और संगीतकार दिलीप सेन ने भी शमीम खान की प्रशंसा की। मंदाकिनी ने कहा कि टाइफा अवार्ड के लिए शमीम खान का दिल से शुक्रिया। उनका कार्यक्रम बेहद भव्य होता है। कलाकारों को पुरुस्कार मिलने से खुशी और हौसला मिलता है। टाइफा अवार्ड के आयोजक शमीम ए खान ने कहा कि कई सेलेब्रिटीज हमारे इस अवार्ड शो में मौजूद रहे, उनका बहुत धन्यवाद। हम सभी के शुक्रगुजार हैं कि वह टाइफा अवार्ड 2024 के आयोजन में आए। हर साल हम इस समारोह को और बेहतर और बड़ा करते जा रहे हैं। गौरतलब है कि शमीम खान दिल्ली में कई बड़े प्रोग्राम का आयोजन करते रहते हैं।

## डिवाइन सॉलिटेयर्स ने द सॉलिटेयर फेस्टिवल ऑफ इंडिया के तीसरे संस्करण का ग्रैंड विनर घोषित किया



**रांची।** भारत के सबसे भरोसेमंद सॉलिटेयर जूलरी ब्रांड डिवाइन सॉलिटेयर्सने, द सॉलिटेयर फेस्टिवल ऑफ इंडिया (टीएसएफआई) के तीसरे संस्करण का अभूतपूर्व सफलता के साथ समापन किया। अगस्त 2024 में आयोजित यह राष्ट्रव्यापी फेस्टिवल, अपनी तरह का सबसे बड़ा सॉलिटेयर प्रमोशन था, जिसमें भाग लेने वाले 200 से ज्यादा जूलर्स के ग्राहकों ने लगभग 6,000 उपहार और पुरस्कार जीते हैं। इस फेस्टिवल का मुख्य आकर्षण उस वक्त सामने आया, जब जमशेदपुर के आर. सिंह ने ग्रैंड बम्पर पुरस्कार के रूप में एक महिंद्रा एक्सयूवी 700 एसयूवी जीत ली। श्री सिंह ने जमशेदपुर स्थित कुलदीप संस जूलर्स से अपनी सॉलिटेयर जूलरी खरीदी थी। उनको इस ड्रा के फेसबुक पर हुए लाइव प्रसारण में विजेता घोषित किया गया।जमशेदपुर स्थित कुलदीप संस जूलर्स में आयोजित एक भव्य समारोह के दौरान, डिवाइन सॉलिटेयर्स के संस्थापक एवं एमडी जिग्नेश मेहता और कुलदीप संस जूलर्स के प्रमोटर सुनील वर्मा ने, आर. सिंह को एकदम नई एसयूवी की चाबियाँ सौंपी। पुरस्कार लेते समय भावुक हो उठे श्री सिंह ने अपना रोमांच साझा किया।

# भूल जाते हैं बातें, सामने रखी चीज नहीं आती नजर? तो आपके दिमाग पर भी छा गया है कोहरा



ब्रेन फॉग (मस्तिष्क धुंध) कोई चिकित्सा स्थिति नहीं है, बल्कि एक स्थिति है जिसमें व्यक्ति मानसिक रूप से थका हुआ, भ्रमित, और ध्यान केंद्रित करने में असमर्थ महसूस करता है। इसमें व्यक्ति का दिमाग नॉर्मल से कम तेजी से रिएक्ट या रिस्पॉन्स करता है। इसे मानसिक स्पष्टता में कमी के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, जिससे याददाश्त, सोचने की क्षमता और निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होती है। आइए जानते हैं इसके बारे में विस्तार से

## ब्रेन फॉग के लक्षण

याददाश्त की समस्या : छोटी-छोटी बातों को भूल जाना या चीजें याद करने में कठिनाई।

ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई : किसी काम पर फोकस बनाए रखना मुश्किल।

भ्रम की स्थिति : मानसिक रूप से अस्पष्टता महसूस करना।

मानसिक थकान : बिना किसी शारीरिक श्रम के थका हुआ महसूस करना।

धीमी सोच : सामान्य से अधिक समय लगना जानकारी को समझने और निर्णय लेने में।

## ब्रेन फॉग के कारण

यह कई कारणों से हो सकता है, जैसे :

जीवनशैली संबंधी कारण : पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण नींद न लेना, पोषक तत्वों की कमी या ज्यादा शुगर का सेवन, लंबे समय तक तनाव में रहना।

चिकित्सीय स्थितियां : थायरॉइड समस्याएं, ऑटोइम्यून बीमारियां जैसे- ल्यूपस या मल्टीपल स्क्लेरोसिस। अनियंत्रित ब्लड शुगर भी इसका कारण बनता है। कुछ एंटी-एलर्जी, एंटी-डिप्रेशन या दर्द की दवाएं भी स्थिति को गंभीर कर सकती है।

मानसिक स्वास्थ्य : डिप्रेशन और एंग्जायटी, पोस्ट-ट्रॉमैटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर (क्क्षस्ष्ठ), गर्भावस्था, मेनोपॉज, या थायरॉइड असंतुलन के कारण भी समस्याएं पैदा होती हैं। लाइम रोग जैसी पुरानी बीमारियां भी एक कारण है।

### जीवन पर प्रभाव

- ध्यान केंद्रित न कर पाने से गलतियां हो सकती हैं।
- भूलने की आदत या भ्रम संबंधों को प्रभावित कर सकती है।
- लगातार थकान से निराशा और चिड़चिड़ापन हो सकता है।

ब्रेन फॉग से बचाव और उपचार

जीवनशैली में बदलाव : 7-9 घंटे की पर्याप्त नींद लें। पोषण से भरपूर संतुलित आहार खाएं और खुद को हाइड्रेटेड रखें।

शारीरिक गतिविधियां : नियमित व्यायाम मस्तिष्क के लिए फायदेमंद होता है। ध्यान, योग या माइंडफुलनेस का अभ्यास करें।

चिकित्सकीय परामर्श यदि समस्या गंभीर हो तो डॉक्टर से परामर्श लें। दवाइयों की समीक्षा कराएं। यदि ब्रेन फॉग लंबे समय तक बना रहे या आपके जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित करे, तो डॉक्टर से सलाह अवश्य लें।

# पोषक तत्वों से भरपूर है मखाना

इन दिनों लोग मोटापे की चपेट में तेजी से आ रहे हैं। ऐसे में इसे कम करने के लिए न जाने कितने जतन करते हैं। लेकिन एक बात जान लें अगर डाइट सही नहीं है तो आप कितनी भी कोशिश कर लें मोटापा कम नहीं होगा। अपनी डाइट में आप इस सूखे मेवे को शामिल कर मोटापे से छुटकारा पा सकते हैं। छोटे छोटे गोल आकार के मखाने में एंटीऑक्सीडेंट्स कैल्शियम फाइबर प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो पाचन क्षमता को बेहतर बनाते हैं। इसमें एंटी एजिंग गुण मौजूद होते हैं जो आपकी स्किन की बेहतर देखभाल करते हैं। अगर आप इसका सेवन सुबह के समय करते हैं तो इसके फायदे कई गुना बढ़ जाते हैं। चलिए हम आपको बताते हैं सुबह के समय इसका सेवन करने से आप सेहत को क्या फायदे होंगे।

अगर आप अपना वजन कम करना चाहते हैं तो सुबह के समय एक मुट्ठी मखाना रोजाना खाएं। सुबह इसका सेवन करने से यह आसानी से पच जाता है। ऐसे खाने से पेट लंबे समय तक भरा हुआ रहता है और फूड की क्रेविंग भी कम होती है, जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है। मखाना देसी घी में भूनकर नमक और काली मिर्च मिलाकर नमकीन की तरह खा सकते हैं और अगर आपको दूध पसंद है तो आप इसे दूध में उबालकर भी पी सकते हैं।

**इन परेशानियों में भी है कारगर :**

फर्टिलिटी बढाए : मखाना ड्राई फ्रूट होने के साथ साथ शारीरिक कमजोरी दूर करने का सबसे अच्छा उपाय है। ये केवल सेहत को नहीं सुधारता, इसे डाइट में शामिल किया जाए तो ये गर्भधारण की समस्या से जूझ रहे लोगों की मदद करता है।

शुगर करे कंट्रोल : कई पौष्टिक तत्वों से भरपूर होने के कारण ये डायबिटीज के मरीजों के लिए भी फायदेमंद है, इसके लगातार सेवन से शुगर कंट्रोल होता है।

स्किन के लिए फायदेमंद : मखाना चूंकि एंटी ऑक्सिडेंट से भरपूर होता है इसलिए अगर आप रोज सुबह खाली पेट चार पांच मखा खा लेंगे तो आपके चेहरे पर उम्र के निशान कम होते जाएंगे और स्किन जवां होगी।

हड्डियां बनाएं मजबूत : मखाना किडनी के लिए बहुत ही अच्छा होता है। इसमें कैलोरी नाममात्र की होती है और कैल्शियम भरपूर होता है। इसलिए इस हड्डियों की मजबूती के लिए भी अच्छा डाइट माना जाता है।



# सर्दियों में हीटर के अधिक उपयोग से हो सकते हैं गंभीर स्वास्थ्य खतरे, कैसे करें बचाव



**सर्दियों में रूम हीटर का इस्तेमाल एक आम जरूरत बन जाती है। गिरते तापमान के बीच, लोग अपने कमरे को गर्म और आरामदायक बनाने के लिए रूम हीटर का सहारा लेते हैं। लेकिन क्या यह पूरी तरह से सुरक्षित है? रूम हीटर के फायदे के साथ-साथ इसके कई नुकसान भी हो सकते हैं, जो आपकी सेहत पर बुरा असर डाल सकते हैं।**

## ऑयल-फिल्ड रेडिएटर

इनमें से हर एक प्रकार का अपना विशेष उद्देश्य और फायदे-नुकसान होते हैं। हालांकि, लगातार रूम हीटर का उपयोग करना आपकी सेहत और पर्यावरण दोनों के लिए हानिकारक हो सकता है।

## त्वचा को नुकसान

रूम हीटर या ब्लोअर के सामने लंबे समय तक बैठने से त्वचा पर बुरा असर पड़ सकता है। हीटर के कारण त्वचा की नमी खत्म हो जाती है, जिससे खुजली, रैशेज और फफोले हो सकते हैं। यह स्कैल्प को ड्राई कर देता है और बाल झड़ने की समस्या पैदा कर सकता है। चेहरे और शरीर की त्वचा पर अधिक समय तक गर्म हवा लगने से एलर्जी हो सकती है।

## नेजल पैसेज का सूखना

रूम हीटर के लगातार उपयोग से नाक के अंदरूनी हिस्से (नेजल पैसेज) सूखने लगते हैं। सूखापन बढ़ने पर नाक से खून आने की समस्या हो सकती है। नाक के ऊपरी हिस्से में दर्द और जलन महसूस होने लगती है। यह समस्या उन लोगों में अधिक होती है जो पहले से साइनस या नाक से संबंधित किसी बीमारी से जूझ रहे हैं।

## ब्रेन को नुकसान और इंटरनल ब्लीडिंग का खतरा

रूम हीटर का अत्यधिक उपयोग दिमाग के लिए भी खतरनाक हो सकता है। रूम में ऑक्सीजन का स्तर कम हो जाता है, जिससे ब्रेन को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल पाती। लंबे समय तक हीटर चलने से कमरे में कार्बन मोनोऑक्साइड का स्तर बढ़ सकता है, जो घातक हो सकता है। यह ब्रेन में इंटरनल ब्लीडिंग और यहां तक कि मृत्यु का कारण बन सकता है।

## कमरे को वेंटिलेटेड रखें

रूम हीटर का इस्तेमाल करते समय यह सुनिश्चित करें कि कमरे में हवा का आवागमन बना रहे। खिड़कियों और दरवाजों को पूरी तरह से बंद न करें। आप खिड़कियों को हल्का सा खोल सकते हैं या कमरे में थोड़ी जगह छोड़ सकते हैं, ताकि ऑक्सीजन का स्तर घटने न पाए। वेंटिलेशन कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी खतरनाक गैसों को बाहर निकालने में मदद करता है। बंद कमरे में हीटर का लंबे समय तक उपयोग करने से दम घुटने, चक्कर आने और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा रहता है। इसलिए कमरे को वेंटिलेटेड रखना बेहद जरूरी है।

## हीटर को लंबे समय तक न चलाएं

हीटर का उपयोग सीमित समय के लिए करें और इसे लगातार लंबे समय तक चालू न रखें। अगर आप रात के समय इसका उपयोग कर रहे हैं, तो इसे रातभर चलाकर सोने से बचें। इससे हवा में ऑक्सीजन और नमी का स्तर कम हो सकता है, जिससे स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इसके अलावा, लंबे समय तक चलने से हीटर ओवरहीट हो सकता है, जिससे आग लगने का खतरा होता है। कमरे को गर्म करने के बाद हीटर को बंद कर दें और गर्मी बनाए रखने के लिए कंबल या गद्दे का उपयोग करें।

## ह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल करें

हीटर के कारण हवा में नमी की कमी हो जाती है, जिससे त्वचा, नाक और गले में सूखापन महसूस हो सकता है। इसका प्रभाव कम करने के लिए ह्यूमिडिफायर का उपयोग करें। यह कमरे में नमी बनाए रखता है और वातावरण को स्वस्थ बनाता है। अगर आपके पास ह्यूमिडिफायर नहीं है, तो आप एक कटोरे में पानी भरकर कमरे में रख सकते हैं, जिससे प्राकृतिक रूप से नमी बनी रहेगी। इसके अलावा, घर के अंदर छोटे पौधे रखें क्योंकि वे भी नमी बनाए रखने में मदद करते हैं।

## त्वचा और बालों की देखभाल करें

हीटर के अधिक उपयोग से त्वचा और बाल सूखने लगते हैं। इससे बचने के लिए त्वचा की उचित देखभाल करें। नहाने के बाद मॉइस्चराइजर का उपयोग करें ताकि त्वचा की नमी बरकरार रहे। होंठों के लिए लिप बाम का उपयोग करें ताकि वे फटने से बच सकें। बालों की देखभाल के लिए नियमित रूप से तेल मालिश करें और हाइड्रेटेड शैम्पू का इस्तेमाल करें। इसके साथ ही, दिनभर में पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं ताकि शरीर अंदर से हाइड्रेटेड रहे और त्वचा तथा बालों पर हीटर का प्रभाव कम हो सके।

## सुरक्षा मानकों का ध्यान रखें

हीटर का उपयोग करते समय सुरक्षा का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। इसे ऐसी जगह पर रखें, जहां से इसके गिरने या ओवरहीट होने का खतरा न हो। हीटर को फ्लेमेबल वस्तुओं, जैसे पर्दे, कपड़े या फर्नीचर से दूर रखें। कभी भी हीटर को अकेला चालू न छोड़ें और बच्चों या पालतू जानवरों को इसके पास न जाने दें। इन सावधानियों से आप न केवल सुरक्षित रहेंगे बल्कि सर्दियों में हीटर का उपयोग करते हुए स्वास्थ्य और जीवन दोनों की रक्षा कर पाएंगे।

## रूम हीटर के फायदे

कमरे को तुरंत गर्म करता है और ठंड से राहत दिलाता है। छोटे और बंद जगहों में ज्यादा प्रभावी होता है। सर्दियों में बच्चों और बुजुर्गों के लिए आरामदायक माहौल बनाने में मददगार। रूम हीटर का सही और सीमित उपयोग ठंड से बचने के लिए फायदेमंद हो सकता है। हालांकि, इसका अत्यधिक और असावधान उपयोग स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल सकता है। बेहतर है कि आप रूम हीटर का उपयोग करते समय आवश्यक सावधानियों को अपनाएं और अपनी सेहत का ख्याल रखें।

# कैंसर के इलाज का बोझ होगा थोड़ा कम, जानलेवा बीमारी से लड़ने वाली ये तीन दवाइयां हुई सस्ती

भारत में कैंसर के मामले के बढ़ने के साथ-साथ दवाइयों की मांग भी काफी बढ़ गई है। कैंसर मरीजों को कम दामों पर दवाएं मिलती रहें इसके लिए सरकार समय समय पर कुछ दवाओं की कीमतों को कम कर रही है। इसी कड़ी में तीन कैंसर रोधी दवाओं - ट्रैस्टुजुमैब डेरक्सटेकन, ओसिमर्टिनिब और डुरवालुमैब दवाओं पर अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) कम करना का फैसला लिया गया है।

## जीएसटी दरों को किया कम

केंद्रीय रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने ए लोकसभा को बताया कि सरकार ने इन तीन दवाओं/फॉर्मूलेशन पर मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) को शून्य करने के अलावा इन कैंसर रोधी दवाओं पर जीएसटी दरों को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने की अधिसूचना जारी की थी। निर्माताओं ने इन दवाओं पर एमआरपी कम कर दी है और राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) के पास सूचना दाखिल की है।


## एनपीपीए ने जारी किए निर्देश

एनपीपीए ने एक ज्ञापन जारी कर कंपनियों को जीएसटी दरों में कमी और सीमा शुल्क से छूट के कारण इन दवाओं पर एमआरपी कम करने का निर्देश दिया था, ताकि उपभोक्ताओं को कम करों और शुल्कों का लाभ दिया जा सके और कीमतों में बदलाव के बारे में जानकारी दी जा सके। उदाहरण के लिए, एस्ट्राजेनेका फार्मा इंडिया लिमिटेड ने कई फॉर्मूलेशन पर प्रति शीशी एमआरपी कम कर दी है।

## भारत में तेजी से बढ़ रहे हैं कैंसर के मामले

केंद्रीय बजट में, सरकार ने कैंसर से पीड़ित लोगों के वित्तीय बोझ को कम करने और पहुंच को सुविधाजनक बनाने के लिए तीन कैंसर दवाओं पर सीमा शुल्क में छूट दी। सरकार ने इन तीन कैंसर दवाओं पर जीएसटी दर को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया। जबकि ट्रैस्टुजुमाब डेरक्सटेकन का उपयोग स्तन कैंसर के लिए किया जाता है, ओसिमर्टिनिब का उपयोग फेफड़ों के कैंसर के लिए किया जाता है; और डुरवालुमाब का उपयोग फेफड़ों के कैंसर और पित्त नली के कैंसर दोनों के लिए किया जाता । भारत में कैंसर के मामले काफी बढ़ रहे हैं। हाल ही में लैंसेट के एक अध्ययन के अनुसार, भारत में 2019 में लगभग 12 लाख नए कैंसर के मामले और 9.3 लाख मौतें दर्ज की गईं - जो एशिया में बीमारी के बोझ में दूसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता है।





# कनगराज सिनेमैटिक यूनिवर्स (एलसीयू) की बेंज का हिस्सा नहीं हैं आर माधवन

**हाल ही में ऐसी खबरें आई थीं कि बक्कियाराज कन्नन द्वारा निर्देशित और राघव लॉरेंस द्वारा मुख्य भूमिका में अभिनीत बेंज में खलनायक की भूमिका निभाने के लिए आर माधवन को चुना गया है। वहीं, अब खुद आर माधवन ने इन खबरों पर चुप्पी तोड़ी है और सच का खुलासा किया है।**

अभिनेता ने स्पष्ट किया कि वह लोकेश कनगराज सिनेमैटिक यूनिवर्स (एलसीयू) की बहुप्रतीक्षित परियोजना का हिस्सा नहीं हैं। रिपोर्ट्स में कहा गया था कि आर माधवन को बेंज में खलनायक की भूमिका निभाने के लिए चुना गया है, जिन्होंने आखिरी बार अयुथा एजुथु, निशब्दम और शैतान फिल्मों में ग्रे किरदार निभाए थे। यह देखते हुए कि सभी एलसीयू फिल्में जुड़ती हैं, प्रशंसक अभिनेता के ब्रह्मांड में शामिल होने की संभावना से उत्साहित थे। वहीं, अब अभिनेता ने इन खबरों का खंडन किया है।

### आर माधवन का पोस्ट

हालांकि, आर माधवन ने एक्स अकाउंट पर पर रिपोर्ट साझा करते हुए स्पष्ट किया कि उन्हें बेंज के लिए संपर्क नहीं किया गया है। उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए लिखा, अरे, यह मेरे लिए खबर है। यह उतना ही रोमांचक लगता है और मुझे इस तरह के ब्रह्मांड का हिस्सा बनना अच्छा लगेगा। मैं इस खबर से हैरान हूं, क्योंकि मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

### बेंज का निर्देशन नहीं करेंगे लोकेश

बेंज एलसीयू की पहली फिल्म है, जिसे लोकेश निर्देशित नहीं करेंगे। हालांकि, उन्होंने फिल्म की कहानी लिखी है और इसे निर्मित भी कर रहे हैं। इस फिल्म की घोषणा इस साल अप्रैल में की गई थी और अक्तूबर में राघव के जन्मदिन पर एप्रन पहने और बंदूक थामे हुए उनका एक टीजर रिलीज किया गया था। लोकेश रजनीकांत के साथ कुली का निर्देशन करने में व्यस्त हैं। माधवन जल्द ही टेस्ट, शंकरा और धुरंधर में अभिनय करेंगे।



# धनुष के साथ कानूनी लड़ाई पर नयनतारा ने तोड़ी चुप्पी

नयनतारा ने अपनी नेटफ्लिक्स डॉक्यूमेंट्री नयनतारा- बियॉन्ड द फेयरीटेल में नानम राउडी धान के बीटीएस क्लिप के इस्तेमाल को लेकर धनुष के साथ कानूनी लड़ाई के बारे में अपनी चुप्पी तोड़ी। हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में उन्होंने बताया कि वह और उनके निर्देशक-पति विग्नेश शिवन नानम राउडी धान के निर्माता धनुष के पास अधिकारों के लिए एक दोस्त के रूप में पहुंचे। हालांकि, जब धनुष ने एनओसी देने से इनकार कर दिया तो वे उससे आगे बढ़ गए।

### कैसे बढ़ा विवाद

इसके साथ ही नयनतारा ने यह भी बताया कि दोनों पक्षों के बीच विवाद कैसे बढ़ा। उन्होंने कहा, इसका कभी भी विवाद बनने का इरादा नहीं था और इसे उस विशेष समय पर प्रदर्शित करने का कभी भी इरादा नहीं था जब हम नेटफ्लिक्स पर अपनी फिल्म रिलीज करने वाले थे। दरअसल, 16 नवंबर को अपनी नेटफ्लिक्स फ़िल्म की रिलीज से दो दिन पहले नयनतारा ने धनुष द्वारा उनकी डॉक्यूमेंट्री में बीटीएस क्लिप के इस्तेमाल को लेकर कानूनी नोटिस भेजे जाने के बाद एक निंदा पत्र लिखा।

### ऐसे बिगड़े रिश्ते

अभिनेत्री ने बताया कि उन्होंने आपसी संपर्क के जरिए धनुष से इंकार करने का कारण जानने की कोशिश की। उन्होंने कहा, मैंने उनके मैनेजर से बात की, जो मैं आमतौर पर नहीं करती। मैंने उनसे कहा कि अगर आप एनओसी नहीं देते हैं तो कोई बात नहीं। यह उनका फैसला है। यह उनकी फिल्म है, लेकिन मैं उनसे फोन पर बात करना चाहती थी, ताकि समझ सकूं कि मामला क्या है। मैं मामले को स्पष्ट करना चाहती थी। हमें सबसे अच्छे दोस्त होने की जरूरत नहीं थी, लेकिन मैं चाहती थी कि अगर हम भविष्य में एक-दूसरे से मिलें तो कम से कम हाय तो कह सकें।

अभिनेत्री ने आगे कहा ,मुझे डरने की जरूरत नहीं है। साहस सिर्फ सच से आता है। मुझे सिर्फ तभी डरना चाहिए, जब मैं कुछ गढ़ रही हूं। अगर मैं ऐसा नहीं कर रही हूं तो मुझे डरने की जरूरत नहीं है। अगर मैंने अभी नहीं बोला, जब चीजे पहले ही बहुत आगे बढ़ चुकी थीं तो मुझे नहीं लगता कि किसी में फिर कभी अपने लिए खड़े होने की हिम्मत होगी। नयनतारा, विग्नेश शिवन और धनुष के बीच कानूनी लड़ाई अभी भी जारी है।

## मर्दानी बनकर लौट रहीं हैं रानी मुखर्जी



अभिनेत्री रानी मुखर्जी एक बार फिर मर्दानी बनकर बड़े परदे पर लौट रही हैं। खाकी वर्दी में एक बार फिर वह धाक जमाती नजर आएंगी। अभिनेत्री की लोकप्रिय फ्रेंचाइजी मर्दानी की तीसरी किस्त का आज एलान हो गया है। अभिराज मीनावाला के कंधों पर इस फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी है। यश राज फिल्म्स के बैनर तले आदित्य चोपड़ा यानी रानी मुखर्जी के पति इस फिल्म का निर्माण कर रहे हैं।



# मैथियास के साथ शादी को लेकर तापसी पन्नू का बड़ा खुलासा

तापसी पन्नू के अपनी शादी को लेकर हाल ही में एक बड़ा खुलासा किया है। दरअसल इस साल की शुरुआत में तापसी अपनी शादी की खबरों को लेकर खूब छाईं। उन्होंने एक निजी समारोह में अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड मैथियास बो से शादी की। मगर इसे लेकर हाल ही में उन्होंने खुलासा किया है कि उनकी शादी इस साल नहीं, बल्कि पहले ही हो गई थी। तापसी पन्नू की शादी की खबरें इस साल मार्च में खूब छाईं। मगर हाल ही में एक मीडिया बातचीत में तापसी ने खुलासा किया कि उनकी शादी इस साल मार्च में नहीं, बल्कि बीते साल यानी 2023 में दिसंबर में ही हो गई थी। तापसी पन्नू का कहना है कि उन्होंने पिछले साल दिसंबर में ही अपने बॉयफ्रेंड से शादी कर ली और वे दोनों जल्द ही अपनी शादी की सालगिरह मनाने वाले हैं।

### निजी जिंदगी पर चर्चा नहीं पसंद

तापसी ने कहा कि पिछले साल दिसंबर में उन्होंने पेपर साइन कर आधिकारिक तौर पर शादी की, फिर इस साल मार्च में उन्होंने रीति-रिवाज से शादी की। तापसी पन्नू ने आगे कहा कि लोग उनकी शादी से पूरी तरह अनजान थे। अगर वे खुद नहीं बतातीं तो इस सीक्रेट को भी कोई नहीं जान पाता। अभिनेत्री ने आगे कहा कि उन्हें निजी जिंदगी को प्राइवेट रखना पसंद है।

### शादी पर बात करना जरूरी नहीं लगा

तापसी पन्नू ने कहा, मैं निजी और प्रोफेशनल लाइफ के बीच एक लकीर खींचकर रखती हूं। मैंने कभी कुछ नहीं छिपाया। मैं मैथियास को 2013 से जानती हूं। मैंने अपनी फिल्मों पर बात की, उनका एलान किया। मुझे अपनी शादी और अपने पति को लेकर एलान करने की जरूरत महसूस नहीं हुई। तापसी और पूर्व ओलंपिक मेडलिस्ट मैथियास बो की शादी में करीबी और परिवार वाले ही शामिल हुए थे।



# पॉपुलैरिटी को अहमियत नहीं देती शालिनी पासी

कुछ समय पहले एक शो फैबुलस लाइफ वर्सज बॉलीवुड वाइव्स आया था। इसमें वैसे तो कई बॉलीवुड से जुड़ी सेलिब्रिटी और स्टार वाइफ शामिल रहीं, लेकिन दिल्ली की सोशलाइट शालिनी पासी सबसे ज्यादा खबरों में बनी रहीं। शो के खत्म होने के बाद उनकी अच्छी खासी फैन फॉलोइंग हो गई। हाल ही में वह बिग बॉस 18 में भी नजर आईं, बिग हाउस में एक दिन प्रतियोगियों के साथ गुजार कर आईं। वहां भी जो बातें शालिनी ने की, वह सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। हाल ही में शालिनी पासी ने एक इंटरव्यू दिया, जिसमें अपनी हालिया सफलता पर बात की।

शालिनी ने हालिया दिए गए इंटरव्यू में कहा कि पॉपुलर होना, कड़ी मेहनत का नतीजा होता है। वह नहीं जानती हैं कि उन्होंने कुछ हासिल किया है या नहीं? शालिनी को जो पॉपुलैरिटी मिल रही है, उससे ज्यादा जो लोगों का प्यार मिल रहा है, उन्हें वो पसंद है। वह कहती हैं, 'मुझे दुनिया भर से इतना प्यार मिल रहा है कि यह पॉपुलैरिटी से ज्यादा बेहतर है।'

### खुद को सेंसिटिव बताया

शालिनी पासी हाल ही में बिग बॉस 18 में गई थीं, यह शो उनके नेचर से अलग था, इसके बावजूद शालिनी पासी को शो के प्रतियोगी पसंद आए। लेकिन शालिनी का मानना है कि वह झगड़े और शोर के कारण घबरा जाती हैं। वह खुद को बहुत सेंसिटिव इंसान मानती हैं।

पिछले दिनों एक इंटरव्यू में शालिनी ने यह भी बताया कि वह जो कुछ भी कमाती हैं, वह सबकुछ दान कर देती हैं। उनका दान किया हुआ पैसा बिहार के एक गांव में जाता है। साथ ही वह महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए भी काफी काम कर रही हैं।

### आगे के प्रोजेक्ट्स के बारे में बताया

शालिनी ने एक इंटरव्यू में यह भी कहा था कि उनका मकसद बड़ी-बड़ी पार्टी में शामिल होना नहीं है। वह बहुत कुछ अलग करना चाहती हैं। शालिनी एक ऐसा शो भी बनाना चाहती हैं जो भारतीय संस्कृति को दिखाएगा। हालांकि उन्होंने एक इंटरव्यू में यह भी कहा कि लोग कहते हैं कि ऐसे शो को देखने के लिए कम ही दर्शक मिलेंगे, लेकिन मैं भारत को, अपनी संस्कृति को और महिलाओं की शक्ति दिखाने के लिए तैयार हूं।



# मस्ती 4 के ऐलान पर विवेक ओबराय ने कहा ब्रोमेंस शुरू हो गया

**साल 2004 में रिलीज निर्देशक इंद्र कुमार की सुपरहिट फिल्म मस्ती के चौथे पार्ट की घोषणा कर दी गई है। विवेक ने रविवार को इंस्टाग्राम पर एक मजेदार वीडियो शेयर किया।**

इस वीडियो में फिल्म निर्माता-लेखक मिलाप जावेरी अपने सह-कलाकार रितेश देशमुख को पकड़े हुए दिखाई दे रहे हैं। क्लिप में जावेरी रितेश को किस करने की कोशिश करते हैं और गले लगाते नजर आ रहे हैं। इस पर विवेक ओबराय ने कैप्शन दिया, मस्ती 4 अब आधिकारिक रूप से एक प्रेम कहानी है...ब्रोमेंस शुरू होता है! पहली फिल्म के बाद 20 साल का पागलपन! माफ करें, मैं लॉन्च पर नहीं आ सका...जल्द ही शूटिंग पर आपसे मिलूंगा। अभिनेता आफताब शिवदासानी ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का क्लैपबोर्ड पकड़े हुए अपनी एक तस्वीर शेयर की। उन्होंने रितेश और जावेरी के साथ भी एक तस्वीर शेयर की। एक तस्वीर में कलाकार, निर्देशक और दिग्गज अभिनेता जीतेंद्र भी थे। आफताब ने लिखा, पागलपन शुरू हो गया है। अब तक का सबसे मजेदार... हैश टैग मस्ती 4। इंद्र कुमार द्वारा निर्देशित अडल्ट कॉमेडी फिल्म मस्ती पहली बार 2004 में रिलीज हुई थी, जिसमें अजय देवगन, विवेक ओबेरॉय, रितेश देशमुख, आफताब शिवदासानी, लारा दत्ता, अमृता राव, तारा शर्मा और जेनेलिया डिसूजा ने अभिनय किया था।

इस फिल्म के दो और सीक्वल थे, ग्रैंड मस्ती, जो 2013 में रिलीज हुई और 2016 में ग्रेट ग्रैंड मस्ती। ग्रैंड मस्ती का निर्देशन भी इंद्र कुमार ने किया था। इसमें वही कलाकार थे, फिर भी यह फिल्म आगे नहीं बढ़ती और यह एक नई किस्त है। फिल्म में रूना अब्दुल्ला, करिश्मा तन्ना, सोनाली कुलकर्णी, कायनात अरोड़ा, मरियम जकारिया और मंजरी फडनिस भी हैं।

ग्रेट ग्रैंड मस्ती की बात करें तो यह एक हॉरर कॉमेडी थी। विवेक, रितेश और आफताब ने पहले दो किस्तों से अपनी भूमिकाएं निभाई थीं। हालांकि, तीसरे भाग में उर्वशी रौतेला, श्रद्धा दास, मिष्टी चक्रवर्ती, पूजा बोस और संजय मिश्रा थे। फिल्म का निर्देशन करने वाले मिलाप इससे पहले शूटआउट एट वडाला, सत्यमेव जयते और मरजावां में काम कर चुके हैं।

# सोनू सूद की 'फतेह' में दिखेगा यो यो हनी सिंह का जादू

अपनी पहली निर्देशित फिल्म 'फतेह' की रिलीज को लेकर एक्साइटेड अभिनेता सोनू सूद फैंस के साथ पल-पल के अपडेट शेयर करते हैं। सूद ने एक पोस्टर शेयर कर फैंस को बताया कि फिल्म के नए गाने 'हिटमैन' में हनी सिंह का जादू दिखेगा। अपकमिंग फिल्म फतेह के तड़क-भड़क म्यूजिक से सजे गाने का टाइटल 'हिटमैन' है और इसमें सोनू सूद का कमाल और रैपर हनी सिंह का स्वैग एक साथ देखने को मिलेगा।

गाने के पोस्टर को शेयर कर अभिनेता ने कैप्शन में लिखा, खुश होने के लिए तैयार हो जाइए। 'हिटमैन' गाना 17 दिसंबर को रिलीज होगा! फतेह 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। 'हिटमैन' में सोनू सूद के साथ हनी सिंह का शानदार कोलाब देखने को मिलेगा, 17 दिसंबर को आउट होगा! पोस्टर में काले सूट बूट में सोनू सूद के साथ हनी सिंह खड़े नजर आए और दोनों हाथ में राइफल पकड़े हैं। 'हिटमैन' फतेह एल्बम का दूसरा ट्रैक है। इससे पहले, यह बताया गया था कि सिंगर लॉयर कोटलर ने फतेह में कॉल टू लाइफ टाइटल गाने को अपनी आवाज दी, जो कि फिल्म का पहला गाना है। एक्शन फिल्म की सफलता और प्रमोशन को लेकर सोनू सूद ने तैयारी शुरू कर दी।



# जगह-जगह गंदगी मिलने पर भड़के सीईओ

## ठेकेदार पर 1 लाख का जुर्माना, फोर्टिस हॉस्पिलट को नोटिस

**नोएडा ( चेतना मंच )।** शहर में साफ-सफाई को लेकर सीईओ ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ महाप्रबंधक जन



स्वास्थ्य एसपी सिंह, परियोजना अभियंता गौरव बंसल मौजूद रहे। निरीक्षण में दिखा कि सफाई कार्य में लगे अधिकांश सफाई कर्मचारियों ने रिफ्लेटिव जैकेट नहीं पहनी हुई थी। सभी सफाई कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से रिफ्लेटिव जैकेट पहनाए जाने के लिए कहा गया। ऐसे दोबारा होने पर ठेकेदार के खिलाफ एक्शन लिया जाए।

एलीवेटेड रोड के बाए तरफ अत्यधिक गंदगी पाई गई। जिसकी तत्काल सफाई कराने को कहा गया। इलेक्ट्रोनिक सिटी मेट्रो स्टेशन के निकट बने शौचालय के चारों ओर काफी गंदगी पाई गई। फोर्टिस अस्पताल के सामने मुख्य नाले में अत्यधिक फ्लोटिंग मैटेरियल पाया गया।

अधिकांश ठेली पटरी वालों के पास डस्टबिन नहीं है। जिसके कारण उनके द्वारा गंदगी फैलाई जा रही है। सभी ठेली पटरी वालों के पास डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखने के लिए कहा गया। जेपी इंस्टीट्यूट के बाहर भी कचरा मिला। जोनल रोड पर सफाई व्यवस्था ठीक से नहीं होने पर मैकेनिकल स्वीपिंग एजेंसी मैसर्स नार्थ इंडिया डवलपर्स के खिलाफ एक लाख का जुर्माना लगाया गया।

जोनल रोड नंबर 06 पर सफाई व्यवस्था नहीं मिलने पर सुपरवाइजर एवं सहायक परियोजना अभियंता को नोटिस जारी किया गया। एमपी-02 मार्ग पर डीएलएफ मॉल से पहले नाले के ऊपर सेंट्रल वर्ज की सफाई एवं सौदर्गीकरण कार्य कराने के लिए कहा गया। यूफ्लैक्स कंपनी के बाहर ग्रीनबेल्ट अव्यवस्थित अवस्था में मिला। सौंदर्याकरण का कार्य कराने के लिए कहा गया था जिसे अब तक नहीं किया गया। सेक्टर 50 मेट्रो स्टेशन के नीचे एवं पूरे जोनल रोड नंबर -06 की पूरी ग्रीन बेल्ट खराब थी। इस पर नाराजगी व्यक्त की गई। एमपी-02 मार्ग पर डीएलएफ मॉल से पहले नाले पर झुग्गी झोपडी बनी हुई पाई गई। जिनके द्वारा उक्त स्थल को पूर्ण रूप से गंदा किया गया था। इनको हटाने के लिए कहा गया।

**दो दिन में अस्पताल हटाए खराब एंबुलेंस**

निरीक्षण के दौरान फोर्टिस अस्पताल के सामने सर्विस रोड पर काफी संख्या में एम्बुलेंस खड़ी हुई मिली। जिनमें से अधिकांश एम्बुलेंस खराब थी। जिसके कारण उक्त स्थल पर गंदगी फैल रही है। यातायात भी प्रभावित हो रहा है। उक्त सभी एम्बुलेंस को सर्विस रोड से हटाये जाने के फोर्टिस अस्पताल को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। साथ ही समस्त एम्बुलेंस को 02 दिन के अंदर हटवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।

रेल विहार के बाहर मुख्य मार्ग पर तीन पुरानी खराब मोटर साइकिल पड़ी हुई मिली। इनको हटाने और कहा कि संबंधित विभाग की ओर से सिर्फ नोटिस ही जारी किए जाते है। ऐसे में कार्य भी पूर्ण कराए। कोरन्थम टावर के बाहर अवैध रूप से पार्किंग है। इसे हटाया जाए।

इलैक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो स्टेशन के नीचे यातायात को डाइवर्ट किये जाने के लिए 02 बैरियर लगाये हुए है। जिनका अब कोई प्रयोग नहीं है। जिसके कारण यातायात प्रभावित हो रहा है जिसे तत्काल हटवाया जाए।

# 1998 में संभल में लोकतंत्र का गला घोंटा गया था: डीपी यादव

**नोएडा ( चेतना मंच )।** इस देश में लोकतंत्र पर कई बार कड़े प्रहार हुए है। देश के रक्षामंत्री



राजनाथ सिंह ने लोकतंत्र पर प्रहार का जिक्र लोकसभा में कल किया था वह संभल से ही जुड़ा है तथा लोकसभा के मेरे चुनाव लड़ने के दौरान की घटना है। जब कल्याण सिंह मुख्यमंत्री थे तथा एक राज्यपाल ने लोकतंत्र का गला घोंटते हुए रातों-रात कल्याण सिंह की सरकार गिराकर रात में ही जगदम्बिका पाल को मुख्यमंत्री की शपथ दिलाई थी बाद में उच्च न्यायालय द्वारा मामले में हस्तक्षेप कर विधानसभा में बहुमत साबित करने का आदेश दिया था। विधानसभा में बहुमत साबित करने पर कल्याण सिंह दोबारा मुख्यमंत्री बने थे।

राजनाथ सिंह ने मेरे ही संभल चुनाव का जिक्र करते हुए लोकतंत्र पर प्रहार की बात लोकसभा में अपने सम्बोधन में कही है, 1998 मैं और मुलायम सिंह यादव जी आमने-सामने थे। यह कहना था पूर्व सांसद तथा पूर्व मंत्री डीपी यादव का। वह सेक्टर-52 में रेशम टायर्स प्राइवेट लिमिटेड शोरूम के उद्घाटन के दौरान बतौर मुख्य अतिथि मीडिया को संबोधित कर रहे थे।

इससे पूर्व डीपी यादव ने बतौर मुख्य अतिथि रेशमटायर्स प्राइवेट लिमिटेड के मिसलीन शोरूम का फीता काटकर उद्घाटन किया। डीपी यादव ने कहा कि इस शोरूम के खुलने से यहां के वाहन चालकों को वाजिब कीमत पर अच्छे टायर की उत्पाद प्राप्त हो सकेंगे। वहीं इससे क्षेत्र का विकास भी होगा तथा ऐसे व्यापार व प्रतिष्ठा खोलने से युवाओं को भी रोजगार मिलने के अवसर प्राप्त होते हैं उन्होंने इस कदम की काफी सराहना की। इस दौरान समाजवादी पार्टी के नेता भीष्म यादव, फोनरवा के महासचिव केके जैन, कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा, मिसलीन प्राइवेट लिमिटेड के कमर्शियल डायरेक्टर शांतनु देशपांडे नेशनल सेल्स मैनेजर प्रशांत शर्मा तथा रीजनल सेल्स मैनेजर हिमांशु कपूर के अलावा रेशम टायर के डायरेक्टर एसएस यादव, सूर्यकान्त यादव, चंद्रकांत यादव, कृष्णकांत यादव, राजेश यादव, अरुणेश यादव महेशचंद्र यादव, अतुल यादव, विनय यादव, बाबू गुप्ता भी मौजूद थे।

# 'किसानों पर सरकार का अत्याचार निंदनीय'

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान संगठन ने देश की राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन में कहा है कि



आज सरकार देश में संविधान खत्म करने का काम कर रही है। देश में भय का माहौल है।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र यादव के नेतृत्व में किसानों ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम एसीपी सेन्ट्रल नोएडा प्रथम राजीव कुमार गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। इस मौके राजेन्द्र यादव ने कहा आज देश संविधान की 75 वीं वर्षगांठ मना रहा है और वहीं दूसरी तरफ भारत सरकार इस समय देश में संविधान खत्म करने का काम कर रही है। इस समय देश में भय का माहौल बना हुआ है।

वहीं लगभग पिछले 20 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की हालत भी बहुत ज्यादा खराब हो रही है। उत्तर प्रदेश के जिला गौतमबुद्धनगर के किसान शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन कर रहे थे उनको अवैध तरीके से जेल में बंद कर दिया गया है। सरकार का यह रवैया इमरजेंसी की याद दिलाता है।

इस मौके पर रणवीर प्रधान, धनपाल सिंह, लखमीचंद यादव, किरनपाल, अभिनेत्र सिंह, विकास, अमित,तरुण, नितिन,कपिल पहलवान आदि मौजूद रहे।

# एमिटी में फैशन परिधान और वस्त्र पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** एमिटी विश्वविद्यालय के एमिटी स्कूल ऑफ फैशन



टेक्नोलॉजी द्वारा 'विकसित भारत-फैशन और वस्त्र में संवृद्धि और विकास' विषय पर अंर्तराष्ट्रीय सम्मेलन (आईएनसीएफएटी 2024) का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का शुभारंभ राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान की महानिदेशक सुश्री तनु कश्यप (आईएएस), यूएसए के टुकाटेक लॉस एंजिल्स के चेयरमैन व संस्थापक राम सरीन, एमिटी स्कूल ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी एंड एमिटी स्कूल ऑफ फाइन आटर्स की चेयरपरसन श्रीमती दिव्या चौहान, वारिजा डिजाइन स्टूडियोस की संस्थापक सुश्री वारिजा बजाज, एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला, सेलेस्टियल निट्स एंड फैब्स प्राइवेट लिमिटेड के एमडी राजीव बंसल, आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर डा वी के कोठारी और एमिटी विश्वविद्यालय के ग्रुप एडिशनल प्रो वाइस चांसलर डा प्रदीप जोशी द्वारा किया गया।

सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान की महानिदेशक सुश्री तनु कश्यप (आईएएस) ने कहा कि विकसित भारत युवा भारत की महत्वकांक्षा है जो कि सतत विकास लक्ष्यों से जुड़ी है, जिसमें हर व्यक्ति के विकास निहित है। विकसित भारत के मिशन को पूर्ण करने के लिए केवल सरकार को ही नही बल्कि हर हितधारकों जिसमें उद्योग, संस्थान व आप जैसे युवा भी शामिल है सबका सहयोग अपेक्षित है। परिधान व वस्त्र उद्योग देश में द्वितीय सबसे बड़ा रोजगार प्रदाता क्षेत्र है जो संवृद्धि अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। यूएसए के टुकाटेक लॉस एंजिल्स के चेयरमैन व संस्थापक राम सरीन ने कहा कि परिवर्तन निरंतर है और विकास वैकल्पिक है। संवृद्धि के बारे मे बात करें और अपने वस्त्रों को पुनर्चक्रण को बढ़ावा दें। श्री सरीन ने कहा कि एक फिटिंग सबके लिए उपयुक्त नही है इसलिए भिन्न प्रकार के फिटिंगों पर विचार करें।

एमिटी स्कूल ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी एंड एमिटी स्कूल ऑफ फाइन आटर्स की चेयरपरसन श्रीमती दिव्या चौहान ने कहा कि एमिटी सदैव इस प्रकार के सम्मेलनों से छात्रों को भविष्य के उद्यमी बनने अवसर प्रदान करता है। विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करना हम सभी के लिए आवश्यक है और एमिटी सदैव छात्रों को राष्ट्र निर्माण में सहयोग प्रदान करने के लिए तैयार करता है।

# नेशनल जूजित्सु प्रतियोगिता के लिए नोएडा के तीन एथलीट्स का चयन

**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** गाजियाबाद के राजनगर स्थित जीडी



गोयनका स्कूल में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय जूजित्सु प्रतियोगिता (15-16 दिसंबर) सफलता पूर्वक संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में नोएडा के तीन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नेशनल जूजित्सु प्रतियोगिता में अपनी जगह सुनिश्चित की।

कोच पवन सिरोही ने बताया कि इंडियन ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल के युवराज अरोड़ा ने अंडर-18, 57 किलोग्राम वर्ग में सिल्वर मेडल जीता। बाल भारती स्कूल, नोएडा के चेतन ने अंडर-21, +94 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वहीं, उत्कर्ष चौहान ने अंडर-21, 57 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल हासिल कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन खिलाड़ियों की इस उपलब्धि ने नोएडा और उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। अब ये तीनों खिलाड़ी नेशनल जूजित्सु प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन जीडी गोयनका स्कूल के निदेशक अवि गोयल ने किया, जबकि पुरस्कार वितरण समारोह ग्लोबल इंडियन इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल गणेश शर्मा द्वारा संपन्न हुआ।

# 'नोएडा प्राधिकरण में जमे अन्य अफसरों के संपत्ति की भी जांच कराई जाए'

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण में समाजवादी पार्टी तथा बहुजन समाज पार्टी के शासनकाल



में करोड़ों रूपये की अवैध कमाई करके अकूत संपत्ति बनाने वाले अफसरों की भी जांच कराई जाए। यह मांग की भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष तथा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष तथा दर्जा प्राप्त केंद्रीय मंत्री डॉ लोकेश प्रजापति के प्रभारी जयप्रकाश प्रजापति ने।

जयप्रकाश ने कहा कि सपा व बसपा के शासनकाल में पार्टी के आकाओं के इशारे पर कुछ अफसरों ने जमकर नोएडा में लूट खसोट की। उसमें से कई अधिकारी सेवानिवृत हो चुके हैं तथा चंद अभी भी अपने पदों पर जमे बैठे हैं। ऐसे अधिकारियों की संपत्ति की जांच कराई जाए ताकि उनके खिलाफ समय रहते कड़ी कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कहा कि आर एस यादव तो बानगी हैं। अभी भी कुछ और अफसर ऐसे हैं जिनकी संपत्ति की अगर जांच कराई जाए तो करोड़ों रुपए की अवैध कमाई का खुलासा हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ऐसे अफसर की सूची तैयार करके उनकी संपत्ति की जांच करवाएं।




# ठंडे बस्ते में गई बहुप्रतीक्षित हेलीपोर्ट योजना

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के सेक्टर-151ए में बहुप्रतीक्षित हेलीपोर्ट योजना फिलहाल ठंडे बस्ते में चली गई है। अभी तक इसका ग्लोबल टेंडर जारी नहीं हो पाया है।

बता दें कि नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-151ए में हेलीपोर्ट बनाने की योजना की घोषणा की थी। इसके निर्माण में करीब 43.13 करोड़ रूपये खर्च करने का प्रस्ताव था। इस हेलीपोर्ट में 12 सीटर तथा 26 सीटर के हेलीकाप्टर का संचालन शुरू किया जाना था। इसके लिए दो बार ग्लोबल टेंडर जारी हुए थे जिसमें एक कंपनी आई थी। तीसर बार एनआईटी में मामूली संशोधन करके ग्लोबल टेंडर निकाला जाना था। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण ने नोएडा



( फाइल फोटो )

इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नियॉल) को पत्र लिखकर सुझाव मांगा था। लेकिन नियाल ने कोई जवाब नहीं दिया। जिसके कारण ग्लोबल टेंडर जारी नहीं किया जा सका। नोएडा प्राधिकरण हैलीपोर्ट योजना को शुरू यहां से चारोंधाम के यात्रा की भी प्लानिंग बना रहा है।